●वर्ष : 16 ●अंक : 115 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

मगंलवार 13 अगस्त 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### आईआईटी मद्रास लगातार छठे साल नंबर 1

### आईआईएससी बेंगलुरु सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने आज सोमवार को राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क की लिस्ट जारी कर दी है। NIRF Ranking 2024 list के अनुसार, आईआईटी मद्रास को समग्र श्रेणी में देश भर में शीर्ष संस्थान घोषित किया गया, जबकि एम्स, आईआईएम अहमदाबाद, हिंदू कॉलेज अपनी श्रेणियों में टॉप पर हैं। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ 2024 रैंकिंग) में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास लगातार छठे साल भी टॉप पर बना हुआ है, वहीं भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु को लगातार नौवीं बार सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय चुना गया है। देश के शीर्ष दस संस्थानों में आठ आईआईटी के साथ नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय हैं। विश्वविद्यालय श्रेणी में आईआईएससी बेंगलुरु के बाद जेएनयू और जामिया मिलिया इस्लामिया का स्थान है। इंजीनियरिंग कॉलेजों की सूची में शीर्ष दस संस्थानों में नौ आईआईटी शामिल हैं, जिनमें आईआईटी मद्रास लगातार नौवें साल इस श्रेणी में शीर्ष पर है। आईआईटी दिल्ली ने अपना दूसरा और आईआईटी मुंबई ने अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा है। टॉप 10 लिस्ट में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी तिरुचिरापल्ली भी शामिल है।

# सभ्य समाज में ये स्वीकार नहीं...

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों को लेकर प्रियंका गांधी का पहला रिएक्शन

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को कहा कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर लगातार हो रहे हमलों की खबरें परेशान करने वाली हैं और उम्मीद जताई कि वहां की सरकार हिंदुओं, ईसाइयों और बौद्धों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज में धर्म, जाति, भाषा या पहचान के आधार पर भेदभाव, हिंसा और हमले अस्वीकार्य हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर लगातार हमलों की खबरें विचलित करने वाली हैं। किसी भी सभ्य समाज में धर्म, जाति, भाषा या पहचान के आधार पर भेदभाव, हिंसा और हमले अस्वीकार्य हैं। प्रियंका गांधी ने आगे कहा कि हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश में जल्द हालात सामान्य होंगे और वहां की नवनिर्वाचित सरकार हिंदू, ईसाई और बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों के लिए सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करेगी। इससे पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने पोस्ट में लिखा कि कोई भी समुदाय चाहे वह बांग्लादेश का अलग नजरियेवाला बहुसंख्यक हो या हिंदू, सिख, बौद्ध या कोई अन्य धर्म-पंथ-मान्यता माननेवाला अल्पसंख्यक, कोई भी हिंसा का शिकार नहीं होना चाहिए। सपा प्रमुख ने आगे कहा कि भारत सरकार द्वारा इस मामले को



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार की रक्षा के रूप में सख़्ती से उठाया जाना चाहिए। ये हमारी प्रतिरक्षा और आंतरिक सुरक्षा का भी अति संवेदनशील विषय है। बांग्लादेश के अंतरिम नेता मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को हिंसा प्रभावित देश में अल्पसंख्यक समुदायों पर हमलों की निंदा की और उन्हें "जघन्य" करार दिया, और युवाओं से सभी हिंदू, ईसाई और बौद्ध परिवारों को नुकसान से बचाने का आग्रह किया। ढाका में समुदाय के नेताओं के अनुसार, देश से भागने के बाद बांग्लादेश में हुई हिंसा में कई हिंदू मंदिरों, घरों और व्यवसायों में तोड़फोड़ की गई, महिलाओं पर हमला किया गया और शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी से जुड़े कम से कम दो हिंदू नेताओं की हत्या कर दी गई। पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर लगातार हमलों की खबरें विचलित करने वाली हैं। किसी भी सभ्य समाज में धर्म, जाति, भाषा या पहचान के आधार पर भेदभाव, हिंसा और हमले अस्वीकार्य हैं।

## पड़ोस की चुनौतियां: पाकिस्तान?

### में भुखमरी और बांग्लादेश में हिंसा की वजह से क्यों चिंता में है भारत

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का एक प्रसिद्ध वक्तव्य है, आप अपने दोस्त बदल सकते हैं, पड़ोसी नहीं। ऐसे में बांग्लादेश में भारत समर्थक शेख हसीना सरकार का तख्तापलट देश के लिए एक और झटका है। इस घटना ने हमारे सामने एक और अस्थिर पड़ोसी खड़ा कर दिया है, जो भारत की सुरक्षा चिंताओं को बढ़ा सकता है। भारत श्रीलंका, पाकिस्तान, मालदीव, म्यांमार, नेपाल और चीन जैसे पड़ोसियों के साथ पहले से ही चुनौतीपूर्ण सुरक्षा परिदृश्य का सामना कर रहा है। चीन पिछले दो दशक से दक्षिण एशिया में अपना प्रभाव बढ़ाने में जुटा हुआ है। एक बड़ी ताकत के तौर पर चीन के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचारों पर चुप क्यों है भारत का विपक्ष

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों पर भारत के विपक्षी दलों की खामोशी बताती है कि वोट बैंक की राजनीति किस हद तक हावी है। यदि ऐसे ही हमले भारत या किसी पड़ौसी देश में मुसलमानों पर हुए होते तो विपक्षी दल आसमान सिर पर उठा लेते। इजराइल के हमास आतंकियों के खिलाफ हमले में मारे गए मुसलमानों के मामले में कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी नेताओं के दिए गए बयान इसका प्रमाण हैं। उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड सरकार ने कांवडियों के रास्तें में दुकानदारों से नामों के खुलासो के निर्देश पर विपक्षी दलों ने लोकतंत्र को खतरे में बताया था। विपक्षी दलों का कहना था कि इससे अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है। इधर जब मुसलमान बांग्लादेश में हिन्दुओं के घर-मंदिर और व्यवसायिक प्रतिष्ठान जला रहे हैं, तब विपक्षी दलों को खास चिंता नहीं है। लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों की हार के एक प्रमुख वजह यही दोमुंही नीति भी रही है। बांग्लादेश में देश में 1 करोड़ 31 लाख के करीब हिंदू हैं। उनके घरों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। अराजक तत्व हिंदू मंदिरों को भी निशाना बनाने से नहीं चूके। वैसे तो बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले कोई नई बात नहीं है। पहले भी हिंदुओं को यहां निशाना बनाया जाता रहा है। बांग्लादेश में जारी अनिश्चितता और अराजकता के माहौल के बीच वहां के करीब 27 राज्यों में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों को टारगेट किया जा रहा है। मुस्लिम कट्टरपंथियों की भीड़ ने करीब 27 जिलों में हिंदुओं के घरों के साथ ही उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया है। इतना ही नहीं अराजक तत्व उनका कीमती सामान भी लूट ले गए। वहां पर मंदिरों और गुरुद्वारों में तोडफोड़ की जा रही है। शेख हसीना के सत्ता और देश छोड़ ? के बाद से वहां हालात बदतर हो गए हैं। बांग्लादेश के कट्टरपंथी हिंदुओं की संपत्तियों को चुन-चुन कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। मंदिर हो या गुरुद्वारा किसी को भी बख्शा नहीं जा रहा है। बांग्लादेश के पंचगढ़, दिनाजपुर, बोगुरा, रंगपुर, शेरपुर किशोरगंज, सिराजगंज, मुगरा, नरैल, पश्चिम जशोर, पटुआखली, दक्षिण-पश्चिम खुलना, मध्य नरसिंगड़ी, सतखीरा, तंगैल,फेनी चटगांव, उत्तर-पश्चिम लक्खीपुर और हबीगंज जैसी जगहों पर कट्टरपंथिओं का आतंक जारी है। वह यहां रहने वाले हिंदुओं पर न सिर्फ हमले कर रहे हैं बल्कि उनकी संपत्तियों को भी लूट कर ले जा रहे हैं।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## सुप्रीम कोर्ट ने BRS नेता के कविता की जमानत याचिका पर CBI और ED से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में जमानत के लिए बीआरएस नेता के कविता की याचिकाओं पर सीबीआई और ईडी से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने इन मामलों में कविता को जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी याचिकाओं पर सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 20 अगस्त के लिए निर्धारित की है।

# मेघालय के मुख्यमंत्री ने अमित शाह से मुलाकात की

## बांग्लादेश की स्थिति पर हुई चर्चा

नूना न्यूज एजेंसी

**मेघालय।** के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने बांग्लादेश में चल रही स्थिति और भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर इसके संभावित प्रभाव पर चर्चा करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। बैठक में उपमुख्यमंत्री प्रेस्टोन तिनसॉन्ग भी शामिल हुए, जिसमें सीमावर्ती क्षेत्रों के निवासियों के बीच बढ़ती चिंताओं पर चर्चा की गई। संगमा ने कहा कि हमने केंद्रीय गृह मंत्री के माध्यम से भारत सरकार से यह भी आग्रह किया कि यदि आवश्यक हो तो सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिक जनशक्ति उपलब्ध कराई जा सकती है ताकि सुरक्षा को मजबूत किया जा सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत सरकार किसी भी व्यक्ति को सीमा पार करने की अनुमति नहीं देगी और किसी भी अनधिकृत आवाजाही को रोकने के लिए सीमा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक उपाय लागू किए जा रहे हैं। संगमा ने सोशल मीडिया पर कहा कि गृह मंत्री ने स्थिति और पूर्वोत्तर के लिए इसके निहितार्थ की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत सरकार सीमा सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और नागरिकों से शांति और सद्भाव बनाए रखने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने लिखा, "माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी ने आज बांग्लादेश में चल रही स्थिति और पूर्वोत्तर पर इसके प्रभाव की समीक्षा की। बैठक के दौरान हमारे



लोगों की चिंताओं और आशंकाओं को उठाया गया। भारत सरकार हमारी सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी से शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील करती है।" यह वार्ता ढाका में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र में एक प्रतिष्ठित खासी स्वतंत्रता सेनानी यू तिरोत सिंग सिएम की मूर्ति को क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद बढ़ते तनाव के बीच हो रही है। इस घटना से मेघालय में आक्रोश फैल गया, जिसके कारण सीमा व्यापार गतिविधियों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया।

# दिल्ली में तिरंगा तो आतिशी ही फहराएंगी

## लेकिन केजरीवाल के पत्र पर तिहाड़ जेल ने उठा दिए सवाल

नूना न्यूज एजेंसी

**दिल्ली।** सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग (GAD) के मंत्री गोपाल राय ने ACS GAD को पत्र लिखकर कहा कि आज मेरी मुख्यमंत्री के साथ बैठक हुई। उनकी इच्छा है कि 15 अगस्त 2024 को छत्रसाल स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम में उनकी जगह मंत्री आतिशी ध्वजारोहण करें। इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। हालांकि, इसको लेकर एक विवाद भी देखने को मिला। दरअसल, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसको लेकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना को एक पत्र लिखा था। इस पत्र में उन्होंने कहा था कि वह चाहते हैं कि उनकी जगह मंत्री आतिशी ही स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करें। अब इसी को लेकर तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने अरविंद केजरीवाल पर बड़ा आरोप लगाया है।तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने केजरीवाल को सूचित किया है कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना को लिखा गया उनका पत्र जिसमें उन्होंने कहा था कि आतिशी स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराएंगी, दिल्ली कारागार नियमों के तहत उन्हें दिए गए विशेषाधिकारों का दुरुपयोग है। तिहाड़ जेल नंबर 2 के अधीक्षक ने दिल्ली कारागार नियम, 2018 के विभिन्न प्रावधानों का हवाला दिया और केजरीवाल को पत्र लिखकर सलाह दी कि ह्यऐसी किसी भी अनुचित गतिविधि से दूर रहें अन्यथा उनके विशेषाधिकारों में कटौती कर दी जाएगी। केजरीवाल ने उपराज्यपाल को पिछले सप्ताह लिखे पत्र में कहा कि दिल्ली सरकार के स्वतंत्रता दिवस समारोह में उनकी जगह दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी। हालांकि, उपराज्यपाल कार्यालय ने मुख्यमंत्री की ओर से ऐसा कोई पत्र मिलने की बात से इनकार किया है। केजरीवाल कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के एक मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में उन्हें उच्चतम न्यायालय से अंतरिम जमानत मिल चुकी है। केजरीवाल को लिखे पत्र में तिहाड़ जेल अधिकारियों ने कहा, उपर्युक्त नियमों को पढ़ने



मात्र से यह स्पष्ट है कि आपका पत्र ऐसे पत्र व्यवहार की श्रेणी में नहीं आता है जिसके जेल के बाहर भेजे जाने की अनुमति हो। केवल लोगों के एक समूह के साथ निजी पत्र-व्यवहार की ही अनुमति है। इसलिए, आपका दिनांक छह अगस्त को लिखा पत्र प्राप्तकर्ता को नहीं भेजा गया है। पत्र में लिखा है कि विचाराधीन कैदी दिल्ली कारागार नियमों के कानूनी प्रावधानों से संचालित होते हैं। इसमें कहा गया है, यह जानकर आश्चर्य हुआ कि 6 अगस्त को आपके द्वारा सौंपे गए पत्र की सामग्री बिना किसी अधिकार के मीडिया को लीक कर दी गई। यह दिल्ली जेल नियम, 2018 के तहत आपको दिए गए विशेषाधिकारों का दुरुपयोग है। जेल अधीक्षक ने केजरीवाल को सलाह दी कि वह ऐसी किसी भी अनुचित गतिविधि से दूर रहें। पत्र में कहा गया है, ... ऐसा न करने पर मुझे आपके विशेषाधिकारों में कटौती करने के लिए दिल्ली कारागार नियम, 2018 के प्रावधानों को लागू करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। पत्र में नियम 588 का हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि कैदियों द्वारा लिखे गए सभी पत्रों की विषय-वस्तु निजी मामलों तक ही सीमित होगी।

# जम्मू-कश्मीर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, आतंकियों के 5 सहयोगी गिरफ्तार

नूना न्यूज एजेंसी



**जम्मू-कश्मीर।** पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कठुआ-बानी-किश्तवाड़ क्षेत्र में सैनिकों की हत्या और अन्य आतंकवाद से संबंधित गतिविधियों में शामिल पांच आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान का खुलासा नहीं किया गया है, क्योंकि उनसे चल रही पूछताछ से कठुआ, डोडा, किश्तवाड़ और पड़ोसी जिलों में और गिरफ्तारियां होने की उम्मीद है। जम्मू क्षेत्र के कठुआ में 8 जुलाई को माचेडी के सुदूर वन क्षेत्र में सेना के गश्ती दल पर आतंकवादियों द्वारा घातक हमला किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप एक जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) सहित पांच सैनिक मारे गए थे। कठुआ में घात लगाकर किए गए हमले के बाद 15 जुलाई को डोडा जिले के देसा जंगल में आतंकवादियों के एक अलग समूह ने एक और हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप एक कैप्टन सहित चार सैन्यकर्मी मारे गए। इससे पहले 9 जून को रियासी जिले में आतंकवादियों ने शिव खोरी मंदिर से लौट रहे सात तीर्थयात्रियों सहित नौ यात्रियों की हत्या कर दी थी। हमले में शामिल आतंकवादी भी फरार हैं और उनके सिर पर नकद इनाम होने के बावजूद वे फरार हैं। वहीं, जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के वन क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रहा और सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खात्मे के लिए तलाशी क्षेत्र का दायरा बढ़ा दिया है।

# जुलाई में खुदरा महंगाई दर में बड़ी गिरावट

## पांच साल बाद चार प्रतिशत से नीचे पहुंचा आंकड़ा

**दिल्ली।** सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति गिरकर 3.54 प्रतिशत पर आ गई, जो लगभग पांच वर्षों में पहली बार रिजर्व बैंक के 4 प्रतिशत लक्ष्य से नीचे है। खाद्य कीमतों में गिरावट के कारण यह गिरावट आई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में गिरकर 3.54 प्रतिशत पर आ गई, जो जून 2024 में 5.08 प्रतिशत और जुलाई 2023 में 7.44 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ठरड) के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 5.42 प्रतिशत रही, जो जून में 9.36 प्रतिशत थी। पिछली बार मुद्रास्फीति सितंबर 2019 में 4 प्रतिशत से नीचे थी। सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को सीपीआई मुद्रास्फीति को 4 प्रतिशत पर बनाए रखने का काम सौंपा है, जिसमें दोनों तरफ 2 प्रतिशत का स्वीकार्य मार्जिन होगा। खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतें भारतीय उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी चिंता का विषय रही हैं, जून में खाद्य मुद्रास्फीति साल-दर-साल लगभग दोगुनी हो गई है। यह 2023 के इसी महीने के 4.63 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 8.36 प्रतिशत हो गई। खाद्य पदार्थों की कीमतों में यह लगातार वृद्धि भारतीय नीति निमार्ताओं के लिए एक चुनौती रही है, जिनका लक्ष्य खुदरा मुद्रास्फीति को 4 प्रतिशत पर बनाए रखना है। हालाँकि, हाल ही में मुद्रास्फीति के आँकड़े इस लक्ष्य की ओर प्रगति का संकेत देते हैं। मई में, वार्षिक खुदरा मुद्रास्फीति 12 महीने के निचले स्तर 4.75 प्रतिशत पर आ गई, जो अप्रैल में 4.83 प्रतिशत से थोड़ी



कम है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) ने पिछले साल दिसंबर में 5.7 प्रतिशत दर्ज किया था, लेकिन तब से इसमें नरमी आ रही है। हालाँकि खुदरा मुद्रास्फीति RBI के 2-6 प्रतिशत के आरामदायक क्षेत्र के भीतर रही है, लेकिन यह पहले आदर्श 4 प्रतिशत लक्ष्य से ऊपर थी। मुद्रास्फीति वैश्विक स्तर पर चिंता का विषय रही है, जिसमें उन्नत अर्थव्यवस्थाएं भी शामिल हैं, लेकिन भारत ने अपनी मुद्रास्फीति की दिशा को अपेक्षाकृत प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने में कामयाबी हासिल की है। जून को छोड़कर, महीने-दर-महीने खुदरा मुद्रास्फीति में कमी आरबीआई द्वारा लगातार नौवीं बार रेपो दर को अपरिवर्तित रखने के निर्णय के बाद आई है। मई 2022 से, आरबीआई ने मुद्रास्फीति से निपटने के लिए रेपो दर में संचयी रूप से 250 आधार अंकों की वृद्धि की है।

# क्यों विक्रम साराभाई की शादी में शामिल नहीं हुआ था परिवार?

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** आज चांद पर भारत की नींव रखने वाले देश के महान वैज्ञानिक डॉ. विक्रम साराभाई की जयंती है। उन्हीं के प्रयासों से देश को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) जैसी संस्था मिली। इतना ही नहीं, देश में केबल टीवी लाने का श्रेय भी विक्रम साराभाई को ही दिया जाता है। क्या आप जानते हैं विक्रम साराभाई ने एक डांस अकादमी की भी स्थापना की थी? 12 अगस्त, 1919 को अहमदाबाद के कपड़ा मिल मालिक अंबालाल साराभाई के घर एक लड़का पैदा हुआ था, वो लड़का कोई और नहीं विक्रम साराभाई ही थे। विक्रम ने शुरूआती पढ़ाई-लिखाई भारत से पूरी की। इसके बाद आगे की पढ़ाई कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से पूरी की थी। कैम्ब्रिज से भारत लौटने के बाद विक्रम साराभाई इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरु गए, वहां उन्हें नोबेल पुरस्कार विजेता सीवी रमन की देखरेख में अपनी रिसर्च पूरी की। महान परमाणु वैज्ञानिक होमी जहांगीर भाभा से साराभाई की मुलाकात भी यहीं हुई थी। साराभाई के लगातार के प्रयासों के बाद साल 1962 में सरकार ने इंडियन नेशनल कमेटी फॉर स्पेस रिसर्च यानी इनकोस्पार का गठन किया था, जिसके चेयरमैन साराभाई थे। बाद में साल 1969 में इन्कोस्पार का नाम बदलकर इसरो कर दिया गया था। यही वजह है कि साराभाई को भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक के रूप में जाना जाता है। देश में केबल टीवी लाने का पूरा श्रेय भी साराभाई को जाता है। साराभाई ने देश में केबल टीवी लाने के लिए सरकार को राजी किया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा से लगातार बातचीत की। इसी का परिणामस्वरूप 1975 में सैटेलाइट इंस्ट्रक्शनल टेलीविजन एक्सपेरिमेंट नाम से एक प्रायोगिक उपग्रह संचार परियोजना शुरू की थी।

# अब छड़ी की जगह ये होगा ओमप्रकाश राजभर की पार्टी का चुनाव चिन्ह

## >> अपना अध्यक्ष भी बदला

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने अपना चुनाव चिन्ह छड़ी की जगह चाबी रख लिया है। पार्टी अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर लोकसभा चुनाव के बाद से ही चुनाव चिन्ह में बदलाव पर विचार कर रहे थे। वहीं, पार्टी ने प्रेमचंद कश्यप को सुभासपा की यूपी इकाई का अध्यक्ष बनाया है। गौरतलब है कि ओम प्रकाश राजभर योगी सरकार में मंत्री हैं और एनडीए के सहयोगी हैं। लोकसभा चुनाव में राजभर के बेटे अरविंद राजभर ने चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। अरविंद का चुनाव चिन्ह छड़ी था, जो इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में तीसरे नंबर पर था। एक एक्स पोस्ट




में ओम प्रकाश राजभर ने लिखा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के संयोजन में रविंद्रालय ऑडोटोरियम हाल लखनऊ में आयोजित "प्रदेश स्तरीय संगठन समीक्षा बैठक" में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर प्रदेश पदाधिकारियों एवं 25 जनपदों के जिलाध्यक्षों की घोषणा की तथा बैठक के पश्चात पार्टी के नये चुनाव चिन्ह "चाभी" की घोषणा की। राजभर और उनके बेटे का मानना है कि वे चुनाव इसलिए हारे क्योंकि उनके मतदाताओं ने गलती से छड़ी के निशान के बजाय नीचे हॉकी के निशान का बटन दबा दिया था। आज लखनऊ में पार्टी की बैठक हुई जिसमें ओम प्रकाश राजभर को फिर से पार्टी अध्यक्ष चुना गया और पार्टी ने आधिकारिक तौर पर अपना चुनाव चिन्ह छड़ी से बदलकर चाबी कर दिया। वहीं, उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने प्रदेश में मदरसों की मान्यता की नयी व्यवस्था शुरू किए जाने की तैयारी के संकेत देते हुए कहा कि दो विश्वविद्यालय खोलकर मदरसों को उनसे संबद्ध किया जाएगा।

# क्या रिटायरमेंट के बाद जन्मतिथि में कर सकते हैं बदलाव?

## कर्नाटक एचसी ने कर दिया साफ

नूना न्यूज एजेंसी

**बेंगलुरू।** 'कोई भी कर्मचारी रिटायरमेंट के बाद अपनी दर्ज जन्मतिथि नहीं बदल सकता।' कर्नाटक हाईकोर्ट ने सोमवार को यह फैसला सुनाया है। दरअसल, जन्मतिथि बदलने का मामला एक व्यक्ति से जुड़ा है। शख्स रिटायर होने से पहले 1983 से 2006 तक एक पल्प ड्राइंग प्रोसेसर निर्माण यूनिट में काम करता था। जब उसे दोबारा काम पर रखा गया, तो उसने अपनी जन्मतिथि 30 मार्च, 1952 बताई, लेकिन इसका कोई सबूत नहीं दिया। हालांकि, नियोक्ता ने व्यक्ति के भविष्य निधि विवरण और स्कूल प्रमाण पत्र के आधार पर उनकी जन्मतिथि 10 मार्च, 1948 दर्ज की। इसका मतलब यह हुआ कि वे 2006 में 58 साल की उम्र में रिटायर हो चुके थे। रिटायरमेंट के बाद, उस व्यक्ति ने जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त किया, जिसमें उनकी जन्मतिथि 30 मार्च, 1952 थी। फिर उन्होंने 2010 तक फिर से नौकरी पर रखे जाने के लिए पात्र होने का अनुरोध किया। उन्होंने तर्क दिया कि उन्हें चार साल बाद रिटायर होना चाहिए था। नियोक्ता ने उसके अनुरोध को खारिज कर दिया और दावा किया कि दर्ज की गई तारीख सही थी और उसने अपने सेवानिवृत्ति लाभ पहले ही स्वीकार कर लिए थे। व्यक्ति पहले अपना मामला श्रम न्यायालय में ले गया, जिसने उसे खारिज कर दिया। फिर उसने उच्च न्यायालय में इसको लेकर अपील की।

### >> हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला

मामले की सुनवाई करने वाले न्यायमूर्ति एम जी एस कमल ने सोमवार को कहा कि व्यक्ति ने रिटायर होने के दो साल बाद अपनी जन्मतिथि पर सवाल उठाया, जिससे उसके दावे पर संदेह पैदा होता है। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का भी हवाला दिया, जो रिटायरमेंट के बाद जन्मतिथि बदलने पर रोक लगाता है, खासकर तब जब कर्मचारी के पास इसे पहले सही करने का मौका था।

CMYK

# दिल्ली

## जुमलेबाजी से बाज नहीं आ रही बीजेपी : सैलजा

हिसार, अगस्त : हरियाणा में विधानसभा चुनाव से पहले राजनैतिक दलों के नेताओं का एक दूसरे पर जुबानी हमला तेज हो गया है। कांग्रेस की महासचिव और सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है।

कुमारी सैलजा ने हांसी में यात्रा के दौरान पत्रकारों से रुबरू होते हुए कहा कि बीजेपी सरकार ने प्रदेश की जनता के साथ निरंतर दस साल तक धोखा किया है। अब भी बीजेपी अपने जुमलेबाजी से बाज नहीं आ रही। बीजेपी ने सिवाय भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के कुछ नहीं किया। हांसी को जिला बनाने की मांग पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि हांसी को पुलिस जिला बनाया गया क्या उसके बाद अपराध कम हुआ उल्टा अपराध बढ़ गया है। विकास के मामले में हांसी में कुछ नहीं हुआ। वर्षा की बूंदों की बीच खड़ी होकर कुमारी सैलजा ने राहुल गांधी का संदेश देने का काम किया। वर्षा के कारण सड़कों पर पानी था। समर्थकों ने पानी से गुजरते हुए एक हजार करोड़ विकास मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर आनंद जाखड़, डॉ. अजय चौधरी, एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल, मनोज राठी, हरपाल बूरा, कालका के विधायक प्रदीप चौधरी, भूपेंद्र गंगवा, रेणु बाला विधायक, जितेश भारद्वाज आदि उपस्थित थे।

**विनेश फोगाट का वजन बढ़ना सरकारी तंत्र को फेलियर**

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि विनेश फोगाट का 100 ग्राम वजन बढ़ जाना सरकारी तंत्र की फेलियर है। खिलाड़ियों के साथ गई टीम क्या कर रही थी कि उन्हें इसका पता नहीं चला। खिलाड़ियों पर राजनीति हो रही है।

**जयहिंद आजादी से पहले का नारा**

स्कूलों में गुड मार्निंग की जगह जय हिंद बोलने के सरकार के फैसले पर कुमारी सैलजा ने कहा कि यह तो कांग्रेस का आजादी से पहले का ही नारा है। हम सभी जय हिंद आमतौर पर ही बोलते हैं। राम मंदिर के निर्माण पर चुटकी लेते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि अभी से मंदिर टपकने लगा है।

## जेजेपी ने 73 हलका प्रभारी और हलका अध्यक्ष घोषित किए

चंडीगढ़, अगस्त : जननायक जनता पार्टी ने संगठन नवनिर्माण के तहत दो हलका प्रभारी और 71 हलका अध्यक्षों की नियुक्तियां की है। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा सहित अन्य कई वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श करके इन नियुक्तियों की सूची जारी की। अंबाला सिटी में विवेक चौधरी, मुलाना में जगदीप सिंह गोला, नारायणगढ़ में नायब सिंह गुर्जर, भिवानी में प्रदीप गोयल, तोशाम में ऋषि फोगाट, बवानी खेड़ा में राजवीर सिंह तालू, लोहारू में राजकुमार ओबरा, दादरी में एडवोकेट राजेश कलकल और बाढ़डा में ऋषिपाल उमरावास को हलका अध्यक्ष बनाया गया हैं।

फतेहाबाद में सुभाष गोरछिया, टोहाना में संदीप गिल समैण, गुड़गांव में इंद्रपाल, पटोदी में नवीन जिला पार्षद, बादशाहपुर में सुरेंद्र कुमार टिकली, सोहना में दीपक कुमार डागर, हिसार में तरुण गोयल, आदमपुर में भरत सिंह बेनीवाल, उकलाना में अनिल बालकिया, नारनौंद में ईश्वर सिंघवा, हांसी में राजेंद्र सोरखी, बरवाला में सत्यवान कुहाड़ और नलवा में राजेश सरपंच रालवास खूर्द जेजेपी के हलका अध्यक्ष होंगे।

जींद में सुनील कंडेला, जुलाना में बिजेंद्र मलिक, सफीदों में अनिल दयानंद कुंडू, कैथल में संदीप गढ़ी, गुहला में हरपाल सिंह, करनाल में रामा मदान, नीलोखेड़ी में नरेश राणा, इंद्री में भीम मधान, घरौंडा में राजपाल केमला, असंध में धर्मबीर पाढा, थानेसर में होशियार सिंह किरमच, लाडवा में सरदार संदीप लाडा जिला पार्षद, शाहबाद में जगबीर मोड़ी और पिहोवा में गुरलाल सिंह सरपंच को हलका अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महेंद्रगढ़ में रविंद्र गागड़वास, अटेली में नरेंद्र वेदू यादव, नारनौल में धर्मबीर यादव, नांगल चौधरी में विरेंद्र दहिया, नूंह में आस मोहम्मद, पुन्हाना में आरीफ सरपंच, पलवल में प्रवीण डूडी, हथीन में सुखराम डागर, होडल में हेमराज गोराता, पानीपत सिटी में सोहन लाल बटला, पानीपत ग्रामीण में कृष्ण चंदौली, इसराना में बलकार देशवाल और समालखा में लेखराज खट्टर हलका अध्यक्ष होंगे।

रेवाड़ी में राजवीर यादव, बावल में राजवीर तिहरा, कोसली में सत्येंद्र यादव, रोहतक में राजेश गुलिया, महम में कृष्ण घणघस, गढ़ी सांपला किलोई में प्रवेश कंसाला, कलानौर में प्रवीन लांबा, सिरसा में सुधीर कुकना, कालांवाली में सरदार प्रगट सिंह भीमा, डबवाली में नरेंद्र बराड, रानियां में कुलदीप सिंह करिवाला, ऐलनाबाद में अनिल कासनियां, सोनीपत में रमेश गुप्ता, गन्नौर में अनिल त्यागी, राई में अजीत अंतिल, खरखौद में देवेंद्र दहिया, गोहाना में संदीप भनवाला, बरोदा में पवन शर्मा को हलका अध्यक्ष

# बांग्लादेश में भी विपक्षी नेताओं के जेल में डाला गया था, वहां की प्रधानमंत्री को देश छोड़कर भागना पड़ा : सुनीता केजरीवाल

### कहा, बीजेपी ने पिछले 10 साल में हरियाणा के लिए कुछ नहीं किया, चुनाव में उसे एक भी सीट नहीं मिलनी चाहिए






हिसार, अगस्त : आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल ने रविवार को हिसार में बदलाव जनसभा की। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा, डॉ. मनीष यादव, पवन फौजी, संजय बूरा, वीरेंद्र शर्मा, उमेश शर्मा, संजय सतरोडिया, रविंद्र श्योराण, सुभाष कुंडू, दलबीर किरमारा, सीताराम, सतबीर झांझरिया, रामनाथ धुरवारिया, डॉ. सीपी गुप्ता, विजय चौधरीवास और राजेंद्र सोरखी भी मुख्य तौर पर मौजूद रहे। सभा में उमड़े जन सैलाब को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुफ्त और 24 घंटे बिजली और अच्छे स्कूल-अस्पताल के लिए हरियाणा की जनता आम आदमी पार्टी को मौका दे। 'आप' की सरकार आपको मुफ्त व 24 घंटे बिजली, अच्छी शिक्षा-स्वास्थ्य, हर युवा को रोजगार व महिलाओं को एक हजार महीना देगी। भाजपा सरकार में हरियाणा के अंदर सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है। यहां के बच्चे पढ़ने के लिए कहां जाएंगे। पिछले 10 सालों में भाजपा की सरकार ने आपके लिए कुछ नहीं दिया। इसलिए इस बार के चुनाव में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिलनी।

सुनीता केजरीवाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल, हरियाणा के लाल हैं। हिसार के ही बेटे हैं और जब मेरी शादी हुई तो मैं यहीं आई थी। हिसार मेरा ससॅराल है, 1994 में मेरी इनसे शादी हुई थी।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने पहली बार चुनाव लड़ा और वे दिल्ली के मुख्यमंत्री बन गए। उन्होंने देश की राजनीति में भूचाल लाने का काम किया। ऐसे-ऐसे काम किए, जो कोई भी पार्टी नहीं कर पाई। आज पूरी दुनिया में लोग अरविंद केजरीवाल को उनके कामों से जानते हैं। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब के सरकारी स्कूल अच्छे कर दिए।

उन्होंने कहा कि किसी भी पार्टी ने जनता के लिए ये काम नहीं किए हैं। इसलिए मोदी जी अरविंद केजरीवाल से जलते हैं। उनको फर्जी केस में जेल में डाल दिया।

उन्होंने कहा कि बंग्लादेश में भी विपक्षी नेताओं के जेल में डाला हुआ था, वहां जबरदस्त विद्रोह हुआ तो वहां की प्रधानमंत्री को देश छोड़कर भागना पड़ा। भगवान की लाठी में देर हो सकती है, अंधेर नहीं, तानाशाही का अंत होता है। मोदी जी ने अरविंद केजरीवाल को नहीं हरियाणा के बेटे को जेल में डाला है। मोदी जी ने हरियाणा के लोगों को ललकारा है। मैं हरियाणा की बहू आपसे पूछती हूं कि क्या हरियाणा की जनता अपने बेटे का अपमान चुपचाप सहन करेगी? केजरीवाल शेर हैं और वो मोदी जी के सामने झुकेंगे नहीं।

उन्होंने कहा कि कुछ दिन बाद हरियाणा में विधानसभा चुनाव हैं। बीजेपी को एक भी सीट नहीं जानी चाहिए। अरविंद केजरीवाल को भारी बहुमत से जीताना है। ये बात अरविंद केजरीवाल की नहीं है, ये हरियाणा की इज्जत का सवाल है।

उन्होंने कहा हरियाणा के लाल अरविंद केजरीवाल ने जनता के लिए पांच गारंटी दी है। अरविंद केजरीवाल अपनी गारंटी को पूरी करके दिखाते हैं। दिल्ली और पंजाब में उनकी गारंटी पूरी हो रही हैं। अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा को पहली गारंटी दी है कि दिल्ली और पंजाब की तरह यहां भी घरेलू बिजली फ्री होगी। 'आप' की सरकार बनने के बाद हरियाणा में घरेलु बिजली फ्री और 24 घंटे मिलेगी। दूसरी गारंटी, दिल्ली और पंजाब की तरह हर गांव और हर शहर में मोहल्ला क्लीनिक बनाने का काम करेंगे। सरकारी अस्पताल अच्छे होंगे, सबका अच्छा और फ्री इलाज होगा। तीसरी गारंटी, सरकारी स्कूलों को अच्छा बनाएंगे, जहां अच्छी और फ्री शिक्षा मिलेगी। चौथी गारंटी, हर महिला को हर महीने एक हजार रुपए देने का काम करेंगे। पांचवीं, हर बेरोजगार युवा को रोजगार देंगे। इसके अलावा किसानों, व्यापारियों, खिलाड़ियों, महिलाओं और बुजुर्गों के विकास और खुशहाली के लिए विस्तृत योजनाएं लेकर आएंगे। इसके लिए आपको झाड़ू के निशान पर वोट देना है।

**अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा के लिए पांच गारंटी दी, ये पांच गारंटी हरियाणा के सुनहरे भविष्य की नींवः अनुराग ढांडा**

वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा कि पूरे देश में बदलाव की लहर चल रही है। पहले दिल्ली बदली, फिर पंजाब बदला और अब हरियाणा में बदलाव की लहर चल रही है। इस बार हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। अरविंद केजरीवाल ने तानाशाही के खिलाफ लड़ाई शुरू की। इसके नतीजे सामने आने लगे हैं। उन्होंने कहा हिसार की मिट्टी के लाल अरविंद केजरीवाल जब दिल्ली गए तो दिल्ली की जनता ने बाहें खोल कर उनका स्वागत किया। वे जब पंजाब गए तो वहां भी अरविंद केजरीवाल की सोच को मजबूती मिली और एकतरफा सरकार बनाई।

उन्होंने कहा कि अब हरियाणा की जनता बदलाव चाहती है। दिल्ली और पंजाब में बिजली मुफ्त मिल रही है तो हरियाणा में भी लोगों को 24 घंटे बिजली मुफ्त चाहिए। यहां के गरीब बच्चों को सरकारी स्कूल में बेहतर शिक्षा चाहिए। आज भारी संख्या में महिलाएं पहुंची हैं, उन्हें अपने बच्चों के भविष्य की चिंता है। भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा के किसानों को, महिलाओं को, नौजवानों को और व्यापारियों को परेशान करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 25 साल कांग्रेस ने राज किया। 10 साल बीजेपी के राज को हो गए। उन्होंने जनता से सवाल पूछते हुए कहा कि क्या आप लोगों को 24 घंटे बिजली मुफ्त मिलने लग गई है? क्या आपके बच्चों के लिए शानदार सरकारी स्कूल बन गए क्या? अगर कुछ नहीं मिला तो ऐसी पार्टियों को वोट क्यों देना। उन्होंने कहा अब बदलाव का समय आ गया है।

उन्होंने कहा पूरे देश में नरेंद्र मोदी की तानाशाही के खिलाफ अरविंद केजरीवाल आंखों में आंखें डालकर लड़ाई लड़ रहे हैं तो इन्होंने हरियाणा के बेटे अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया। ये हरियाणवी खून को चुनौती दे रहे हैं। जिसने हरियाणा के बेटे और हरियाणा के लाल को जेल में डाला उनका सूपड़ा साफ करना है। बीजेपी ने आम आदमी पार्टी को झुकाने और तोड़ने की खूब कोशिश की। उन्होंने कहा आम आदमी पार्टी ने पिछले 15 दिनों में पूरे हरियाणा के 45 रैली की। किसी दूसरी पार्टी में इतनी हिम्मत नहीं है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोग कहते हैं एक तरफ कुंआ है, दूसरी तरफ खाई है। जाएं तो जाएं कहां? अब एक पगडंडी है जो सीधे आम आदमी पार्टी की तरफ जाती है, अरविंद केजरीवाल की तरफ जाती है। उन्होंने कहा आप लोगों ने एक मौका सबको देकर देखा है, इस बार एक मौका हरियाणा के लाल अरविंद केजरीवाल को देना, आपके बच्चों का नसीब सुधर जाएगा।

# नेशनल मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप 2024 का सफल समापन

- 16 राज्यों के 1000 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा
- तमिलनाडु की सिलंबम एवं पंजाब की गटका विधा की प्रमुखता से प्रस्तुती
- अभिनेता और मार्शल आर्टिस्ट विद्युत जामवाल ने खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित
- एशिया में मार्शल आर्ट्स को बढ़ावा देने के मुहिम में लगे हैं डॉ. विक्रम कपूर



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में यूनाइटेड वर्ल्ड मार्शल आर्ट्स फेडरेशन (यूडब्ल्यूएमएएफ) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नेशनल मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप 2024 का भव्य समापन हुआ। इस आयोजन में देश के 16 राज्यों के 1,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और मार्शल आर्ट्स की उत्कृष्टता का आनंद लिया। चैंपियनशिप में 240 से अधिक श्रेणियों में सात विभिन्न विधाओं की प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ, जिनमें कराटे, ताइक्वांडो, गटका, लाठी खेल, और जूडो शामिल थे। इस कार्यक्रम ने भारत की समृद्ध मार्शल आर्ट्स परंपरा को भी प्रदर्शित किया, जिसमें तमिलनाडु की सिलंबम और पंजाब की गटका जैसी पारंपरिक विधाओं को प्रमुखता से पेश किया गया। समापन समारोह में प्रसिद्ध अभिनेता और मार्शल आर्टिस्ट विद्युत जामवाल ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया, और उन्होंने विभिन्न मार्शल आर्ट प्रदर्शनों का अवलोकन कर युवाओं में जोश और उत्साह का संचार किया।

## श्री नटवर सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल हुए मुख्यमंत्री

### पुष्पचक्र चढ़ाकर किया अंतिम नमन



**नई दिल्ली, 12 अगस्त 2024।** राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा सोमवार को नई दिल्ली के लोधी दाह संस्कार केंद्र में पूर्व विदेश मंत्री श्री नटवर सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने श्री नटवर सिंह की पार्थिव देह पर पुष्प चक्र चढ़ाकर अंतिम नमन किया। उल्लेखनीय है कि श्री नटवर सिंह का लंबी बीमारी के बाद 10 अगस्त की रात को गुरुग्राम (हरियाणा) के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया था।

### राज्य स्तरीय प्रतिनिधि महासम्मेलन कर व्यापारी वर्ग ने किया चुनाव में कांग्रेस के समर्थन का ऐलान

# कांग्रेस सरकार बनने पर व्यापारियों को मिलेगी सुरक्षा, फिर खत्म करेंगे इंस्पेकटर राज : हुड्डा

पानीपत, अगस्त : पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस सरकार बनने पर इंस्पेक्टर राज खत्म करने और व्यापारियों को पूरी सुरक्षा देने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी हरियाणा के व्यापारियों पर दोहरी मार मारने में लगी है। जिस इंस्पेक्टर राज को कांग्रेस ने खत्म किया था, उसे बीजेपी ने फिर से स्थापित कर दिया है। साथ ही इस सरकार ने कानून व्यवस्था का दिवाला पीटकर व्यापारियों को बदमाशों का चारा बनाकर रख दिया है। व्यापारी वर्ग आज खौफ के साये में जी रहा है और उसे हर रोज फिरौती व जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। बदमाशों की बात न माने जाने पर सरेआम फायरिंग व हत्या जैसी वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। यहीं वजह है कि हरियाणा से कारोबारी लगातार पलायन कर रहे हैं, जिसकी वजह से निवेश घट रहा है और बेरोजगारी आसमान छू रही है। हुड्डा आज पानीपत में हुए राज्यस्तरीय व्यापारी प्रतिनिधि महासम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे थे। सम्मेलन में हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान भी हुड्डा के साथ मौजूद रहे। दोनों नेताओं का यहां पहुंचने पर व्यापारी प्रतिनिधियों ने जोरदार स्वागत किया और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पूर्ण समर्थन करने का ऐलान किया। महासम्मेलन को संबोधित करते हुए हुड्डा ने तमाम व्यापारी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि आपका समर्थन मिल गया है अब थारी सरकार मैं बनवा दूंगा। उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज और विकास का मजबूत स्तंभ है। व्यापारी की तरक्की से देश-प्रदेश व हर वर्ग की तरक्की होता है। लेकिन बीजेपी ने आम व्यापारियों का साथ देने की





व्यापारी सम्मेलन में पहुंचने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का स्वागत करते आयोजक ( ) प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन में मौजूद व्यापारी व मंचासीन भूपेंद्र हुड्डा व अन्य।

**हरियाणा से 7 प्रतिशत जीएसटी लेकर वापिस सिर्फ 1 प्रतिशत हिस्सा देती है केंद्र सरकार : चौ. उदयभान**

सम्मेलन को संबोधित करते हुए चौ. उदयभान ने कहा कि बीजेपी ने व्यापारियों पर नोटबंदी और जीएसटी की ऐसी मार मारी की आजतक नहीं उभर पाए। इस सरकार ने व्यापारी वर्ग से लगातार टैक्स की लूट की है। पूरे देश से मिली जीएसटी का 7 प्रतिशत हिस्सा अकेला हरियाणा केंद्र सरकार को देता है। लेकिन बदले में प्रदेश को सिर्फ 1 प्रतिशत हिस्सा ही वापिस मिलता है। व्यापारी वर्ग से हजारों करोड़ का टैक्स ऐंठने के बावजूद बीजेपी द्वारा उन्हें कोई नीतिगत राहत देना तो दूर जरूरत पड़ने पर सुरक्षा तक मुहैया नहीं करवाई जाती। व्यापारियों को अपनी जान बचाने के लिए बदमाशों को फिरौती देनी पड़ती है। कानून व्यवस्था का इस कद्र दिवाला पिट चुका है कि जेलों में बैठकर बदमाश फिरौती के रैकेट चला रहे हैं।

बजाए अपनी तमाम नीतियां चंद पूंजीपतियों को समर्पित कर दी। प्रदेश सरकार ने तो व्यापारियों को सुरक्षा देने की जिम्मेदारी से भी अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं।

यहीं वजह है कि आज व्यापारी वर्ग रोष और खौफ में है। सरकार को भारी भरकम टैक्स देने के बावजूद उनकी कोई सुनवाई नहीं होती। सरकार द्वारा कभी आम कारोबारियों को किसी तरह की राहत नहीं दी जाती। जबकि कांग्रेस कार्यकाल में सरकार ने मक्के व सूजरमुखी पर मार्केट फीस 4 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत कर दी थी। आलू, प्याज व अन्य सब्जियों पर मार्केट फीस को भी शून्य कर दिया था। इसका लाभ व्यापारी और किसान दोनों वर्गों को हुआ। कांग्रेस सरकार ने ही एच फार्म के 38 करोड़ रुपये एक कलम से माफ किए थे। हर वर्ग को साथ लेकर चलने का नतीजा यह रहा कि 2014 से पहले हरियाणा प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश,रोजगार देने, कानून व्यवस्था, खेल व खिलाडियों समेत विकास के हर पैमाने पर देश का नंबर वन राज्य था। लेकिन बीजेपी ने आज प्रदेश को अपराध, बेरोजगारी, महंगाई और नशे में नंबर एक बना दिया है। इसीलिए इस बीजेपी को सत्ता से बेदखल करने के लिए व्यापारी वर्ग को आगे आना होगा। वहीं हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समक्ष व्यापारियों का मांग पत्र रखा। बजरंग गर्ग ने स्थानीय व्यापारियों के साथ चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा को तलवार भेंट की। इस अवसर पर विधायक धर्मसिंह छौक्क, बलबीर वाल्मीकि, कुलदीप शर्मा, भारत भूषण बत्तरा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वरिंद्र बुल्ले शाह, विजय जैन, सुरेश मित्तल, गुलशन डंग, राम अवतार, जितेंद्र ठकराल, दिव्यांशु बुद्विराज, पूर्व मंत्री बिजेंद्र कादियान, पूर्व विधायक रोहिता रेवड़ी, रामनिवास गुप्ता, लखन सिंगला, सचिन कुंडू, जितेंद्र अहलावत, आर्य सुरेश मलिक, महेंद्र कादियान, सरोज सांगवान, जगदीश जैन, सुरेश बवेजा, धर्मबीर मलिक, बलजीत सिंह, विपुल शाह, नैनपाल राणा, खुशीराम जागलान, पूर्व मंत्री सुभाष बत्तरा, अतुल जैन, सुरेंद्र रेवड़ी, सुरेंद्र कादियान, पूर्व मेयर सुरेश वर्मा, सुबेदार प्रताप सिंह, मा.महीपाल सिंह, तेजबीर जागलान, जय कुमार बिंदल, सुभाष बठला, जितेंद्र कंडेला, नरेंद्र नरवाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# हरियाणा देश का पहला राज्य जहां पर सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद : जेपी दलाल

- **रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए स्थापित की जाएंगी औद्योगिक ईकाइयां**
- **लोहारू की तरह सिवानी में भी बनेगा एचएसवीपीप आवासीय सेक्टर**

चंडीगढ़, अगस्त : हरियाणा के वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य है जहां पर सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही हैं। सरकार हमेशा किसानों के साथ खड़ी है। किसानों को मंडियों में सभी सुविधाएं मुहैया करवाई गई हैं तथा फसल का पैसा सीधा किसानों के खातों में आ रहा है।

जेपी दलाल रविवार को अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान भिवानी के गांवों में उद्घाटन व शिलान्यास कार्यक्रमों में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोहारू क्षेत्र में 13 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया जिनमें फिरनी, सम्पर्क मार्ग, कम्युनिटी सेंटर आदि शामिल हैं।उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने युवाओं, गरीबों, किसानों और वर्षो से पिछड़े लोगों के जीवन उत्थान के लिए नीतियां लागू की हैं और पात्र एवं बेसहारा लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया है। रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए औद्योगिक इकाईयां स्थापित की जा रही है। विदेशों से लोग यहां पर खेती की नई-नई तकनीक देखने के लिए आएं, इसके बेहतर प्रयास किए गए हैं। लोहारू की तरह सिवानी में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का सेक्टर बनवाया जाएगा।

वित मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों को प्रति एकड़ 2000 रुपए बोनस देने का एतिहासिक निर्णय लिया है। प्रदेश में 86 लाख परिवारों के हैप्पी कार्ड बनाए हैं, जिससे वे साल में एक हजार कि.मी.की यात्रा फ्री करेंगे। इसी प्रकारचिरायु कार्ड बनाए हैं, जिससे पांच लाख रुपए का ईलाज करवा सकते हैं। प्रदेश में 48 लाख परिवारों को 500 रुपए में गैस का सिलेंडर दिया जाएगा।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान का उद्देश्य लोगों को तिरंगा घर लाने और भारत की आजादी के उपलक्ष्य में फहराने के लिए प्रोत्साहित करना: सुभाष सुधा

सोनीपत, अगस्त : आजादी की जंग में देश के लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को याद करने और जश्न मनाने के लिए हर घर तिरंगा अभियान भारत सरकार की ओर से की जाने वाली एक पहल है। यह बात हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय विभाग मंत्री सुभाष सुधा ने सोनीपत पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में रविवार को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के शुभारम्भ के दौरान कही। शहरी स्थानीय निकाय विभाग मंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में एक अभियान है जिसका उद्देश्य लोगों को तिरंगा घर लाने और भारत की आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि झंडे के साथ हमारा रिश्ता हमेशा व्यक्तिगत से ज्यादा औपचारिक और संस्थागत रहा है। इस तरह आजादी के 75वें वर्ष में एक राष्ट्र के रूप में सामूहिक रूप से झंडे को घर लाना न केवल तिरंगे से व्यक्तिगत जुड़ाव का प्रतीक है बल्कि राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। इस उपरांत हर घर तिरंगा पदयात्रा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से शुरू होकर गीता भवन चौक से होती हुई तिरंगा चौक, छोटू राम चौक से होकर लघु सचिवालय के सामने से होती हुई शहीदी स्मारक पर पहुंची। इस दौरान शहरी स्थानीय निकाय विभाग मंत्री सुभाष सुधा ने शहीदी स्मारक पुष्प चक्र चढ़ाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त डा. मनोज कुमार, सीईओ सुशील मलिक, डीआरओ हरिओम अत्री सहित राजनीतिक पार्टी के नेता, अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।



हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय विभाग मंत्री सुभाष सुधा सोनीपत पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में रविवार को हर घर तिरंगा कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए।

## सार संक्षेप

### छह लीटर कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**रेहड़ः** पुलिस ने एक युवक को छह लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है आरोपी का चालान कर दिया गया है। थाना प्रभारी धीरज सिंह सोलंकी ने बताया की रविवार को गश्त के दौरान पुलिस को गांव माधोवाला के नजदीक एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। आरोपी के पास से छह लीटर पाउच कच्ची शराब के बरामद हुये। जानकारी लेने पर आरोपी ने अपना नाम गुरमीत पुत्र दलबीर निवासी गांव मधपुरी थाना मदपुरी बताया । आरोपी का चालान कर दिया गया है।

### वारंटी गिरफ्तार

**शिवाला कलांः** पुलिस ने विभिन्न विवादों में न्यायालय में तारीख पर नहीं पहुंचने वाले छह लोगों के न्यायालय से वारंट होने पर पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए भेज दिया। शिवाला कलां पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर शिवाला कलां निवासी सलमान पुत्र जुल्फिकार, ग्राम रतनगढ़ निवासी नरेश पुत्र अमर सिंह, ग्राम रतनगढ़ निवासी राम अवतार पुत्र बलबीर सिंह, ग्राम इनायतपुर निवासी लकी पुत्र दिनेश कुमार, ग्राम इनायतपुर निवासी शुभम पुत्र दिनेश कुमार, ग्राम शिवाला कला निवासी जुल्पकार पुत्र शहाबुद्दीन थाना शिवाला कला को तारीख पर नियत समय पर न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर, न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार वारंट जारी किया। वारंट जारी होने पर सभी लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए भेज दिया है।

### गुलदार ने गोवंश पर हमला कर मार डाला

**नहटौरः** गुलदार ने एक निराश्रित गोवंश पर हमला कर मार दिया। मौके पर पहुँची पुलिस ने मृत गोवंश के अवशेषों को गड्ढे में दबवा दिया। गुलदार की उपस्थिति से ग्रामीणों में दहशत है। गांव खजुरा जट की सीमा पर स्थित गांव फैजपुर मार्ग पर गुलदार ने एक गोवंश को मौत के घाट उतार दिया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

# सावन के चौथे सोमवार को शिवाला मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** सावन के चौथे सोमवार को शिवालियों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। श्रद्धालु सुबह चार बजे से ही लाइनों में लगकर भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। बता दे की हसनपुर नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर सहित नगर के विभिन्न शिव मंदिरों में सोमवार को शिवभक्त उमड़ पड़े। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों ने जलाभिषेक किया। हसनपुर तहसील क्षेत्र के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर,शिव मंदिर फूलपुर बीझलपुर, पातालेश्वर शिव मंदिर आदमपुर, शिव मंदिर बिजनौरा समेत ग्रामीण इलाकों के शिव मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के पुजारी पंडित सतवीर गिरी ने बताया कि सावन में महादेव को मात्र जल अर्पण करने से ही पुण्य की प्राप्ति होती है। सावन के महीने में महादेव को जल चढ़ाने के पीछे एक मान्यता है। बताया जाता है कि समुद्र मंथन के दौरान जब विष निकला तब चारों ओर हाहाकार मच गया। भगवान महादेव ने समुद्र से निकले विष को पीकर उसे अपने कंठ में रख लिया। जिससे उनका कंठ विष के असर से नीला पड़ गया। उनके पूरे शरीर में जलन होने लगी। तब सभी देवताओं और भक्तों ने उन पर लगातार जल अर्पण किया और यह सिलसिला महीने भर चला। इसलिए सावन के महीने में महादेव को जल अर्पण करने से ही वह प्रसन्न हो जाते हैं। इस दौरान शिवालियों पर सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं,नगर पालिका द्वारा भी नगर मे सभी मंदिरों के आसपास विशेष सफाई व्यवस्था की गई एवं चूने का छिड़काव कराया गया ' सावन के सोमवार के चलते जहां एक और लोग बाबा भोलेनाथ को जल अर्पित करते हैं वहीं कुछ लोगों द्वारा भंडारा भी कराया जाता है इसी क्रम में नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी द्वारा शिवाला मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया ' इस मौके पर मुख्य रूप से मुकेश गोयल, मनोज गोयल, प्रतीक गोयल, प्रदीप अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, संजीव शर्मा, दिनेश शर्मा, सतवीर गिरी आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नगर पालिका द्वारा इस बार और भी भव्य तरीके से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस





**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** सोमवार को नगर पालिका सभागार कक्ष में नगर पालिका की बोर्ड की बैठक आयोजित की गई जिसमें नगर पालिका बोर्ड के सभी सदस्य एवं अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी की मौजूदगी में पालिका की अधिशासी अधिकारी द्वारा वार्ड नंबर 17 की नवनिर्वाचित सदस्य को शपथ ग्रहण कराई गई, उसके उपरांत सर्वसम्मति से विभिन्न बिंदुओं को लेकर प्रस्ताव पास हुए, नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रत्येक वार्ड मेंबरों को 300 झंडे अपने-अपने वार्ड में लगाने के लिए दिए गए, वहीं पालिका द्वारा नगर एवं नगर पालिका में विशेष डेकोरेशन, लाइट की व्यवस्था किए जाने, वहीं अन्य बिंदुओं को लेकर प्रस्ताव सर्व समिति से पास हो गए, इस संबंध में अधिशासी अधिकारी विभा श्रीवास्तव ने बताया कि वार्ड सभासदों द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार करते हुए सभी कार्य पूरे कराए जाएंगे, इसमें एंटी लारवा का छिड़काव एवं चूने का छिड़काव कराया जायेगा, वही स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को और भी भव्य तरीके से मनाने का पालिका द्वारा पूरा प्रयास किया जाएगा, इस मौके पर मुख्य रूप से पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, प्रभारी अधिशासी अधिकारी/ डिप्टी कलेक्टर विभा श्रीवास्तव जे ई संगीता कश्यप, सभासद शाहनवाज अंसारी, मुन्ना चौहान, राहुल सैनी, नितिन सैनी, राजपाल सैनी, शुभम अग्रवाल, नौशाद, हम्जा अली, मोनिश, नाजिम आदि सहित पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# मंदिर में दर्शन करने गए श्रद्धालुओं की साइकिल हुई चोरी

**लोकतंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** सोमवार को नगर में सावन के सोमवार के चलते मंदिरों पर भारी भीड़ मौजूद रही तथा मंदिर में दर्शन करने के लिए श्रद्धालु मोटरसाइकिल, साइकिल एवं ई-रिक्शा व पैदल दर्शन करने के लिए पहुंचे इसी क्रम में नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर पर सावन के चौथे सोमवार के चलते अत्यधिक भीड़ के चलते एक श्रद्धालु द्वारा अपनी साइकिल मंदिर के नजदीक खड़ी करके वह मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे, लगभग 25 मिनट बाद मंदिर से आकर उन्होंने देखा तो उनकी साइकिल गायब थी, इस संबंध में मंदिर में दर्शन करने गए श्रद्धालु अनु अग्रवाल ने बताया कि रोजाना की भांति वह अपनी साइकिल मंदिर के बाहर खड़ी करके दर्शन करने जाते हैं सोमवार को भी वह अपनी साइकिल मंदिर के बाहर खड़ी करके चले गए मंदिर पर सोमवार के चलते अत्यधिक भीड़ मौजूद थी, मंदिर से आने पर उनकी साइकिल नियत स्थान पर नहीं मिली, जिसको पीड़ित अनु अग्रवाल व उनके साथियों ने आसपास काफी तलाश किया लेकिन साइकिल नहीं मिली, बताते चलें कि चोर उचक्कों द्वारा आए दिन मंदिर, मस्जिद एवं अन्य धार्मिक स्थलों से साइकिल मोटरसाइकिल आदि की चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता रहता है, वही पीड़ित को साइकिल चोरी होने से आर्थिक नुकसान हुआ है पीड़ित पुराने डाकखाने पर कपड़ों पर रफू करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है।

# विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की बैठक का हुआ आयोजन



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की एक मासिक बैठक का आयोजन ब्लॉक प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता अतर सिंह ने की तथा संचालन किसन पाल ने किया, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें सर्वप्रथम अगेती गन्ना प्रजाति 5009 को सामान्य में नहीं किए जाने तथा गन्ना का रेट ?500 प्रति कुंतल किए जाने की मांग की गई, वहीं आगामी सत्र में सरकार द्वारा तय सीमा 14 दिन में गन्ने का समस्त पेमेंट किया जाए, और एम एस पी के आधार पर किसानों को लाभकारी मूल्य दिलाया जाए, बिजली के गलत बिल सही किए जाएं तथा जर्जर तारों को बदल जाए एवं बिजली की सप्लाई सही समय पर पूरी तरीके से दी जाए, सरकारी योजनाओं की जानकारी व उनके लाभ सीधे किसानों से बात करके उन्हें दिए जाने पर भी चर्चा हुई, साथ ही आवारा पशुओं की समस्या को दूर करने के लिए आवारा पशुओं को गौशाला में भिजवाए जाने वह किसानों को हो रहे जान माल के नुकसान का मुआवजा दिए जाने की भी मांग बैठक में रखी गई, इस मौके पर मुख्य रूप से अतर सिंह, कृष्णपाल सिंह, योगेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, चौधरी असलम, हाजी मुस्तकीम, उम्मेद सिंह आदि मौजूद रहे।

## भाजपा द्वारा नगर में आज निकाली जाएगी बाइक तिरंगा यात्रा

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल**
**जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** आज मंगलवार को नगर में स्वतंत्रता दिवस से पूर्व भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक बाइक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है यह तिरंगा यात्रा सुबह 9 बजे मैथिली गार्डन से प्रारंभ होकर रहरा रोड बाईपास पर जाकर संपन्न होगी, भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के युवा जिला अध्यक्ष शिखर अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि बाइक तिरंगा यात्रा को विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा, वहीं उन्होंने भाजपा कार्यकताओं युवाओं एवं व्यापारियों से राष्ट्र प्रेमियों से बाइक तिरंगा यात्रा में समय से और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आवाहन किया है।

# महाकाल सेवा समिति द्वारा महा आरती का आयोजन किया गया

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** सोमवार को नगर में झारखंड महादेव शिवाला मंदिर पर महाकाल सेवा समिति द्वारा चतुर्थ सोमवार पर भोले बाबा की साइन कालीन आरती का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य यजमान के तौर पर शिवसेना के जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव व उनकी पत्नी मुख्य रूप से रहे इस मौके पर वेद प्रकाश यादव व उनकी पत्नी ने तथा महाकाल सेवा समिति के कार्यकताओं ने भोले बाबा की आरती उतारी एवं भोग लगाया साथ ही महाकाल सेवा समिति द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया इस मौके पर मुख्य रूप से वेद प्रकाश यादव, गीता यादव, राजीव गुप्ता,, गीता गुप्ता, निखिल कश्यप, राहुल सक्सेना, सुमित कश्यप, प्रवीण शर्मा, विवेक राणा, नितिन बंसल, अर्जुन सैनी, यस सैनी, गौरांश अग्रवाल, शुभ शर्मा, हिमांशु शर्मा, अनुराधा शर्मा, गुलशन कश्यप, वैष्णवी कश्यप, अर्जुन चौधरी, प्रखर अग्रवाल आदि सहित भारी संख्या में महाकाल सेवा समिति के लोग मौजूद रहे।

# सड़क किनारे नर कंकाल मिलने से फैली सनसनी

### कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

### फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी

नगीना

**सड़क** किनारे घास झाड़ियों में अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव की पहचान करने की कोशिश की लेकिन शव को जंगली जानवरों द्वारा खाये जाने के कारण पहचान नहीं हो सकी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार की दोपहर नगीना रायपुर रोड़ स्थित मठरी की पुलिया के पास धर्म कांटे के निकट सड़ी गली लाश कंकाल के रूप में मिलने से सनसनी फैल गई। मौके इकट्ठे हुए लोगों ने पुलिस को सूचना दी आनन-फानन में थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पहचान करने का प्रयास किया। घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को दी। मौके पर फॉरेंसिक टीम जांच के लिए पहुंची लेकिन मृतक के शव को जंगली जानवरों द्वारा खाये जाने के कारण केवल कंकाल बचा है जिसकी पहचान नहीं हो सकी। थाना प्रभारी प्रवेश पाठक ने बताया कि मृतक का शव 10 से 15 दिन पुराना लगता है तथा कंकाल होने के कारण व कोई सबूत न मिलने पर पहचान न होने पर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।



## महिला सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**चांदपुरः** क्षेत्र के गांव स्याऊ निवासी धर्मवीर सिंह ने घेर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में एक महिला सहित तीन के ?खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। स्याऊ निवासी धर्मवीर सिंह ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाते हुए बताया कि गांव के ही रहने वाले विजयवीर बहादुर के खिलाफ धारा 420 में मुकदमा दर्ज कराया था। जिससे वह उससे रंजिश रखता है। 23 जुलाई 24 की शाम करीब 7.40 बजे आरोपी, उसका पुत्र व पत्नी एक राय होकर उसके घेर में जबरदस्ती घुस आए। गाली गलोज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। आरोपियों ने अपने विरुद्ध दर्ज मुकदमें को वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एक महिला सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# स्कूल में घुसकर दसवीं की छात्रा के साथ मारपीट

### नौ युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

### युवकों ने छात्रा के गालों पर चाटे मारे

स्योहारा

**ग्राम** रहटौली निवासी छात्रा के साथ स्कूल में घुस कर आधा दर्जन से अधिक युवकों ने जान से मारने की नियत से लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से प्रहार किया। किसानों व अध्यापकों ने छः युवकों को मौके से पकड़ा। छात्रा की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज।

थाना क्षेत्र एक ग्राम निवासी दसवीं की छात्रा से ग्राम स्थित स्कूल में दस अगस्त को समय करीब सुबह साढ़े दस बजे कक्षा के छात्र शानू पुत्र विजय सिंह निवासी ग्राम रहटौली ने क्लास में नोटबुक के काम को लेकर छात्रा के साथ कहासुनी हो गई थी। इसी बात को रखते हुए शानू ने अपने साथी प्रियांशु पुत्र बृजपाल निवासी ग्राम पेली, कुनाल पुत्र बृजेश कुमार, दिव्यांशु पुत्र कैलाश, सौहन पुत्र मेहर सिंह, निखिल कुमार पुत्र मुनेश कुमार, नितिन पुत्र कपिल, निवासी ग्राम महमूदपुर थाना काठ जिला मुरादाबाद, अश्विनी पुत्र महिपाल निवासी ग्राम रहटौली, कार्तिक पुत्र नामालूम निवासी ग्राम मुकाम आदि को फोन करके स्कूल के अंदर बुला लिया सभी के हाथों में लाठी-डंडे व लोहे की राड लेकर स्कूल में आये और छात्रा को गाली गलौज करते हुए लोहे की राड से प्रहार कर जान से करने का प्रयास किया। प्रहार में छात्र के लोहे की राड लगने से बाल बाल बच गई। शानू व प्रियांशु ने छात्र गालों पर चपत बजायें। छात्रा के शोर की आवाज सुनकर शिक्षक व किसान मौके पर पहुंचे तो सभी युवक जान से मारने की धमकी देते हुए स्कूल से भागने लगे तभी किसानों व टीचरों ने दिव्यांशु, प्रियांशु, कुनाल, सोहन, निखिल, नितिन को पडकर लिया और पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से छ युवकों को हिरासत में ले लिया जबकि मौके से शानू, अश्विनी, कार्तिक से फरार हो गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित युवक छात्रा के भाई के लिए आए थे। मौके से छः युवकों को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# आजादी के अमृत महोत्सव के समय जीवित नहीं कोई संग्राम सेनानी

### नजीबाबाद नगर और देहात के दर्जनों युवाओं ने लड़ी आजादी की लड़ाई

### नजीबाबाद तहसील में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का कोई रिकार्ड नहीं

नजीबाबाद

**अंग्रेज** भारत छोड़ो व स्वराज के नारों के साथ देश की आजादी की लड़ाई में नजीबाबाद नगर व देहात के क्रांतिकारियों का योगदान भी कम नहीं है। मेरठ से 1857 की आजादी की क्रांति का असर जनपद बिजनौर में भी कम नहीं रहा। मंगल पांडेय, सरदार भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, महात्मा गांधी, सरदार पटेल जैसे अनेक क्रांतिकारियों से प्रेरित होकर नजीबाबाद क्षेत्र के 65 से अधिक युवाओं ने देश को आजाद कराने में अपना योगदान दिया। अंग्रेज सरकार के खिलाफ आवाज उठाने, सरकार विरोधी गतिविधियों व क्रांतिकारियों को शरण देने उनके आजादी के आंदोलन में सक्रिय योगदान के लिए नगर व देहात के युवाओं ने जेल खाई। उत्पीड़न सहा,इज्जत गंवाई और 15 अगस्त 1947 को आखिर देश को आजाद कराया। नजीबाबाद क्षेत्र से देश को आजादी दिलाने में योगदान देने वाले क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी आज इस दुनिया में नहीं है लेकिन उनका संघर्ष,त्याग, बलिदान व योगदान इतिहास बन गया। नजीबाबाद नगर से पं. चन्द्रप्रकाश शर्मा, ला. बालमुकुंद माहेश्वरी, बाबू चंद्रशेखर गोयल, बाबू अमीचंद, मूलचंद, मुन्नूमल जैन,मथुरा सिंह चौहान, धर्मेन्द्र नाथ, गंगाराम, रामकुमार बीए, प्रेम चन्द, मौ अली आजाद, जगदीश प्रसाद जाखेटिया, शिवचरण दास जाखेटिया, मूलेश चन्द जैन, नेमिशरण मित्तल, जगदीश प्रसाद वैश्य, जगत भूषण मूस्टिक, सुन्दर लाल, ला. मुसद्दीलाल, मुरारी लाल, बनारसी दास आर्य, डा. हरिश्चन्द्र अष्टवंश, बाबू धूम सिंह,भारत भूषण व लाल जी राम व देहात क्षेत्र से चौधरी सुक्खन सिंह, बलवीर सिंह, मुरली सिंह, बिहारी सिंह, बलराम सिंह, बुद्धू सिंह निवासी ग्राम जालपुर, मेहूं सिंह व मेवों सिंह ग्राम जालपुर, लाला गोपीनाथ अग्रवाल नांगल सोती, रामस्वरूप गोयल, मुसद्दीलाल,पूरन सिंह, गोकुल सिंह, कल्लू सिंह, मुंशी सदानंद, मोतीराम,मथुरा सिंह, चम्पत सिंह, कुंदन सिंह, रामस्वरूप सिंह, तुलाराम, शादीराम, ग्राम गाजीवाली शुक्ल चंद ग्राम श्यामपुर,खुशीराम ग्राम लालढांग, (अब उत्तराखंड), यज्ञदत्त ग्राम भागूवाला, महाशय मूलचंद ग्राम मानपुर,अमीरी सिंह व होरी सिंह गाजीपुर कुतुब, अमीरी सिंह नवादा, इन्ददेव शर्मा साहनपुर, कृपाल सिंह तिसोतरा,गोकुल सिंह काशीरामपुर, फूल सिंह मुस्सेपुर,भारत सिंह व राम सिंह मंडावली, पंडित सुखदेव कांठपुर, राजाराम कुतुबपुर, लाल सिंह शेखपुरा को देश की आजादी की लड़ाई में जेल जाने, संघर्ष करने, यातनाएं सहने पर अमूल्य योगदान के दिन भारत सरकार ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का दर्जा देते हुए ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया।



नजीबाबाद क्षेत्र के एक दर्जन और क्रांतिकारी आजादी की लड़ाई में शामिल रहे लेकिन तकनीकि, पारावारिक कारणों से वह इस सम्मान से वंचित रहे। नजीबाबाद नगर से कुल 26 व देहात से 38 क्रांतिकारियों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का दर्जा मिला जिसमें सर्वाधिक 13 ग्राम गाजीवाली के निवासी थे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पूर्व विधायक चौधरी सुक्खन सिंह व जगदीश प्रसाद जाखेटिया ने ब्लाक स्तर पर एक संगठन बनाकर नजीबाबाद विकास खंड कार्यालय परिसर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की नाम पट्टिका का स्तंभ बनवाकर आइ अप्रैल 2003 को तत्कालीन डीएम शिवपाल सिंह सोलंकी से एक समारोह के रूप में अनावरण कराया था। नजीबाबाद तहसील क्षेत्र में आजादी के 76 वर्ष के अमृतकाल में हालांकि एक भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों जीवित नहीं है लेकिन उनका देश के प्रति प्रेम, आजादी दिलाने में किया गया योगदान, बलिदान, संघर्ष सदा के लिए अमर हो गया। देश को आजादी दिलाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का देश के प्रति संघर्ष भरा जीवन आज की युवा पीढ़ी व कल के भविष्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। राष्ट्रीय पर्व पर नगर व देहात के बलिदानियों के नाम पट्टिका वाले स्तम्भ पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया जाता है ।

## शादी का झांसा देकर गलत काम करने का आरोपी दबोचा



**बिजनौरः** शादी का झांसा देकर गलत काम करने का आरोपी पुलिस ने दबोचा बता दे कि 27 जुलाई को पीड़िता ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि रवि पुत्र मदनपाल निवासी कबूलपुर थाना मंडावर ने पीड़िता की पुत्री को शादी का झांसा देकर पीड़िता की पुत्री के साथ गलत काम किया। पीड़िता की बेटी के साथ शादी करने करने से मना कर दिया। पुलिस पीड़िता की तहरीर के आधार पर शहर कोतवाली मे मुकदमा दर्ज कर लिया। एसपी अभिषेक झा के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित आरोपी की गिरफ्तारी के अभियान में रविवार को शहर कोतवाली पुलिस ने आरोपी रवि पुत्र मदनपाल निवासी ग्राम कबूलपुर थाना मंडावर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम एस आई अमित कुमार, कांस्टेबल संदीप कुमार शामिल रहे।

# पशुशाला में सो रहे युवक को सांप ने काटा, मौत

बिजनौर/जलीलपुर

**थाना** चांदपुर के पुलिस चौकी जलीलपुर के गांव चौधेड़ी मैं एक युवक को सोते समय सांप ने काट लिया। इसमें युवक की मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया।

चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव चौधेड़ी ओमप्रकाश 32 वर्ष पुत्र शीशराम सिंह रात्रि में पशु शाला में सो रहा था। पशु शाला में सोते समय युवक पैर मे सांप ने काट लिया। सांप के पैर में काटने का एहसास हुआ। ओमप्रकाश की आंख खुल गई। युवक ने सांप को जाता देख तो वह घबरा गया। युवक ने सांप के काटने की सुचना अपने परिजनों को दी। परिजनों ने युवक को इलाज के लिए झाड़ फूंक वालो के पास ले गए। इसमें युवक को आराम नहीं मिला। इसके बाद परिजन युवक को सरकारी अस्पताल चांदपुर ले गए जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। यदि परिजन समय से सरकारी अस्पताल ले जाते है। समय से उपचार मिल जाता तो जान बच जाती।



### रसेल वाइपर सांप का किया रेस्क्यू

बिजनौर वन विभाग की टीम ने आईटीआई के निकट एक प्लाट से रसेल वाइपर सांप का रेस्क्यू किया। वन विभाग की टीम रसेल वाइपर सांप को पकड़कर ले गई और बाद में जंगल में छोड़ा गया। एसडीओ ज्ञान सिंह ने बताया कि रसेल वाइपर जहरीला सांप होता है।

# हरियाणा

# राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने छोटू राम इंडोर स्टेडियम से झंडी दिखाकर किया मैराथन को रवाना

## देश की आन-बान और शान है तिरंगा, इसका पूरा सम्मान करना है प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य : शर्मा






समारोह की झलकियां।

कैथल, अगस्त : राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि तिरंगा झंडा हमारे देश की आन-बान और शान है। इसका पूरा सम्मान करना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है। देश के युवाओं के हाथों में देश का भविष्य है। आज प्रदेश के खिलाड़ियों ने पेरिस ओलम्पिक में पदक जीतकर विश्व पटल पर राज्य के साथ-साथ देश का नाम ऊंचा करने का काम किया है। राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा छोटू राम इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित हुए। वे यहां उपस्थित जन व खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। इसके बाद सांसद ने स्टेडियम से मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि आज का युवा कल के राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। हमें यह सुनिश्चित करना है कि युवा वर्ग अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से करें। खेलों के माध्यम से न केवल शारीरिक मजबूती मिलती है, बल्कि मानसिक तौर पर भी बल मिलता है। हमारे देश के खिलाड़ियों ने ओलम्पिक खेलों में पूरे विश्व में देश का नाम रोशन किया है। प्रदेश के खिलाड़ी नीरज चौपड़ा, मनु भाकर, सर्वजोत व अमन ने अपने साथ-साथ प्रदेश का नाम चमकाया है। ये सभी खिलाड़ी पूरे देश के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

### मान-सम्मान सहित तिरंगा फहराएं और उसकी हिफाजत करें : शर्मा

राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। सभी इस अभियान में शामिल होकर अपने घरों पर मान-सम्मान सहित तिरंगा फहराएं और उसकी हिफाजत करें। देश के खिलाड़ी खेलों में दिन-प्रतिदिन अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी जाता है। हर घर तिरंगा, मैराथन जैसे आयोजनों से जहां युवाओं में देश भक्ति की भावना प्रबल होती है, वहीं खेल भावना भी बढ़ती है।

### इस मौके पर मौजूद रहे

मैराथन के दौरान खिलाड़ियों, युवाओं और आमजन में देश भक्ति की भावना स्पष्ट नजर आ रही थी। भारत मां की जय घोष के साथ छोटू राम इंडोर स्टेडियम से शुरू होकर मैराथन विश्वकर्मा चौक, आरकेएसडी कॉलेज के सामने, छोटू राम चौक, ढांड रोड होती हुई चरण दास मार्ग से गुजरकर वापिस स्टेडियम में संपन्न हुई। इस मौके पर डीसी प्रशांत पंवार, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीएसपी उमेद सिंह, डीएसओ राजरानी, डिप्टी सीईओ रितू लाठर, हरपाल शर्मा, अशोक सैनी, कुशलपाल, राजेश कुमार, अमरजीत, शैलेश, विजय, सुंदर, जोगिंद्र आदि मौजूद रहे।

## सतबीर बाबालदाना बने ब्राह्मण युवा सभा के प्रधान



सभा के सदस्यों के साथ नव नियुक्त प्रधान। (सतीश भराड़ा)

**कैथल :** आज हुई ब्राह्मण युवा सभा की मीटिंग में पिछले दो सालों का हिसाब दिया गया। इसके बाद पूर्व प्रधान राकेश शर्मा ने कार्यकारी भंग कर के संरक्षण को नई कार्यकारिणी बनाने को कहा। इस पर सभी की सहमति से ब्राह्मण युवा सभा का नया प्रधान सतबीर बाबा लदाना को बनाया गया और आगे की नई कार्यकारिणी बनाने के लिए प्रधान को उत्तरदायित्व दिया गया। ब्राह्मण युवा सभा के सदस्यों ने कहा कि हम सभी प्रधान के साथ खड़े हैं। नव नियुक्त प्रधान सतबीर ने कहा कि जो मुझे युवा सभा ने जिम्मेवारी सौंपी है मैं उसको पूरी निष्ठा से निभाऊंगा व सभी को साथ लेकर चलूंगा। इस मौके पर संरक्षण कुलदीप शर्मा, सुरेश बजरंगी, राजू डोहर, रवि प्योदा, प्रवीण शर्मा, राकेश, रामानंद, कर्मवीर, सुधीर करोड़ा, प्रकाश चंद राजेश, दिनेश शर्मा, विनोद द्योरा, सुरेंद्र, विजय सीवन, राजबीर, अमन गुहणा, ओम शर्मा, अश्वनी सिरटा आदि मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर कंवर पाल फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज : डीसी



डीसी प्रशांत पंवार।

**कैथल :** डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व स्वतत्रता दिवस समारोह के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाईन मैदान में किया जाएगा। इस समारोह में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवर पाल बतौर मुख्यातिथि ध्वज फहराएंगे। इससे पहले शहीद स्मारक पर जाकर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। डीसी ने कहा कि ध्वजारोहण के बाद परेड का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण उपरांत कृषि मंत्री जिले के लोगों को अपना संदेश देंगे। इसके उपरांत शानदार मार्च पास्ट की प्रस्तुति होगी, फिर विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा पीटी शो, डंबल की प्रस्तुति होगी। पूंडरी के विभिन्न सरकारी स्कूलों के बच्चों द्वारा योगाभ्यास किया जाएगा। इसी प्रकार विभिन्न शिक्षण संस्थानों द्वारा तैयार किए गए देश भक्ति व लोक संस्कृति के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों, समाजसेवियों को सम्मानित भी किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह में जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों द्वारा समूह गान, हिंदू गर्ल्ज सीनियर सैकेंडरी स्कूल की छात्राओं द्वारा भगंड़ा, सिल्वर ऑक पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा कोरियोग्राफी, सुपाश्र्व जैन पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न त्यौहारों को प्रदर्शित करती नृत्यावली तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली अड्डा व गीता भवन के नजदीक के स्कूल की छात्राओं द्वारा हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ-साथ आरकेएसडी स्कूल के बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति देंगे।

## आरकेएसडी कॉलेज की छात्रा सीबीआई में बनी प्रोबेशनरी ऑफिसर



छात्रा को बधाई देते हुए प्राचार्य।

**कैथल :** आरकेएसडी कॉलेज की बैच 2019-22 की बीकॉम की छात्रा का हाल ही में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में प्रोबेशनरी ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है। कॉलेज पहुंचने पर प्रिंसिपल डॉ. संजय गोयल ने उसका स्वागत किया और बधाई दी तथा उसे आगे की पढ़ाई जारी रखने और अपने जीवन में एक उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अजय शर्मा ने उसे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## नगर वासियों की सुख शांति के लिए नगर खेड़े पर लगा भंडारा

**पूंडरी :** समस्त नगर वासियों की ओर से वार्ड नंबर 9 स्थित नगर खेड़े पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भगत कलीराम ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस भंडारे का आयोजन नगर की सुख-शांति की कामना के लिए गया है। इससे पूर्व पंडित रवि दत्त शास्त्री द्वारा हवन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति डाली। पंडित रवि दत्त शास्त्री ने कहा कि दादा खेड़ा के प्रताप से सभी प्रकार के विकार आबादी से दूर हो जाते हैं और किसी प्रकार की शैतानी ताकत लोगों को छू नहीं सकती। दादा खेड़ा, ग्राम खेड़ा, नगर खेड़ा की पूजा नगरवासियों, गांववासियों के लिए एक श्रेष्ठ पूजा का स्थान रखती है क्योंकि दादा खेड़ा को हम सब श्रद्धा भक्ति से पूजते हैं। इस अवसर पर शमशेर सिंह, नंबरदार शिवकुमार, जतिन कुमार, अंकित, राजपाल, राधा कृष्ण, रामस्वरूप, विनोद कौशिक, शिवदत्त, बिट्टू भगत, पप्पू भगत बालमुकुंद आदि उपस्थित रहे।

## राशिफल 12-8-2024 (सोमवार)

**मेष**
स्थितियां प्रतिकूल, पढ़ने में मन नहीं लगेगा, सुख के साधनों में कमी, किसी के विश्वासघात मिल सकता है, वाहन से कष्ट होने की ओर, किसी पर सहसा विश्वास न करें।

**वृषभ**
इच्छा शक्ति का विकास, विपरीत हालातों में भी विजय, पारिवारिक संबंधों में तालमेल, सुख-सुविधा के जरूरी साधन सुलभ, सफलताओं से मन प्रसन्न।

**मिथुन**
दिनमान बेहतर, धार्मिक सिद्धि का प्रयास, महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, विवाह में अड़चन समाप्त, नये संपर्क का लाभ मिलेगा, सोचा काम पूरा होगा, यात्रा पर जाना लाभदायक।

**कर्क**
पत्नी से सहयोग मिलेगा, परिवार से भी मदद मिलेगी, शुभ कार्यक्रम में शामिल होने का मौका, यात्रा पर जाने से लाभ होगा, धार्मिक कामों में रुचि बढ़ेगी।

**सिंह**
अधूरी या नई योजना पर काम शुरू, मनचाही तरक्की की प्राप्ति, धन का आगमन होग, निजी समस्याएं सुलझने की ओर, पढ़ने-पढ़ाने में रुचि, मनोरंजन के साधनों में वृद्धि होगी।

**कन्या**
मनचाही सफलता, व्यापारिक हालात बेहतर, कलात्मक कामों में मन लगेगा, धर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में लाभ का योग, वाहन सुख मिल सकता है।

**तुला**
तरक्की का रास्ता खुलेगा, आपसी संबंध मजबूत होंगे, मेहनत के अनुसार सफलता मिलेगी, पढ़ाई के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि मिलेगी, उपहार-सम्मान मिलने का योग।

**वृश्चिक**
प्रगति में बाधा, चाहने के उल्ट घटनाएं घटेंगी, मानसिक तौर पर बेचैनी, धार्मिक कामों में कमी, गलतफहमी के शिकार हो सकते हैं, काबलियत का लाभ उठाने से वंचित।

**धनु**
उन्नति में बाधा, सोचा हुआ काम अधूरा, विश्वास में कमी, शारीरिक और मानसिक कष्ट, दुश्मन नुक्सान पहुंचाने की कोशिश में, बड़ों की सलाह न मानने का नुक्सान।

**मकर**
किस्मत में तरक्की का योग, समाज सेवा में रुचि, अच्छे कामों में भाग लेने से सम्मान बढ़ेगा, बकाया धन मिल सकता है, मान सम्मान बढ़ने से मन में प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ**
समय आपकी सोच के अनुसार, समझ-बूझ से काम लें, प्रतियोगिता में सफलता, मान-सम्मान में वृद्धि होगी, व्यापार में सफलता का रास्ता खुलेगा, ज्ञान-विज्ञान में दिलचस्पी।

**मीन**
सेहत में सुधार होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से संपर्क, बुद्धि से समस्याओं का समाधान, आमदनी के नये रास्ते खुलेंगे, दोस्तों- परिजनों से पूरी तरह सहयोग मिलेगा।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | 3 | | 1 | | |
| | 2 | 3 | | | 8 | | 4 | 5 |
| | | | | | | | 6 | 3 |
| | 8 | | | | | | | 7 |
| | | | 8 | | 1 | | | |
| 5 | | | | | | | 2 | |
| 9 | 5 | | | | | | | |
| 3 | 4 | | 9 | | | 6 | 1 | |
| | | 2 | | 6 | | 9 | | |

### सुडोकू- कल का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 2 | 7 | 5 | 1 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 | 6 | 4 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 7 | 6 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 2 |
| 5 | 9 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 1 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 4 |
| 6 | 4 | 7 | 3 | 1 | 8 | 5 | 2 | 9 |
| 2 | 3 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |

आड़े, खड़े व 3x3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। पहेली के एक से अधिक हल हो सकते हैं।




विक्रमी संवत 2081, शके 1946, सूर्य दक्षिणायण, वर्षा ऋतु, श्रावण मास शुक्ल पक्ष की सप्तमी तत्पश्चात अष्टमी, स्वाति नक्षत्र तत्पश्चात विशाखा नक्षत्र, शुक्ल योग तत्पश्चात ब्रह्म योग, चंद्रमा तुला राशि में तत्पश्चात वृश्चिक राशि में।

राहूकालः सुबह : 07:28 से 09:07 बजे तक।

## उपायुक्त ने 10.48 करोड़ रुपये के निवेश वाली औद्योगिक इकाई को व्यवसाय का अधिकार अधिनियम के तहत स्वीकृति जारी की

### 116 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा



जिले में स्थापित होने वाली नई औद्योगिक इकाई के लिए मंजूरी पत्र जारी करते डिप्टी कमिश्नर श्री घनशाम थोरी । जीएम इंडस्ट्री के श्री इंद्रजीत सिंह टांडी उनके साथ हैं ।

(ब्यूरो चीफ राजिंदर कुमार )

**अमृतसर, 12 अगस्त 2024** - राज्य में निवेश के अवसर बढ़ाने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए, पंजाब सरकार उद्योगपतियों को उनके व्यवसाय से संबंधित विभिन्न ऑनलाइन सुविधाएं प्रदान कर रही है, ताकि उद्योगपतियों को अलग से कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें और सभी सुविधाएं एक माध्यम से प्रदान की जाएं। एकल खिड़की . इस सुविधा के तहत डिप्टी कमिश्नर अमृतसर श्री घनशाम थोरी ने मेसर्स सप्ल टेक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड को मंजूरी पत्र जारी किया। उन्होंने उद्यमी को बधाई देते हुए कहा कि आपकी किसी भी समस्या का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता है और जब भी आपका मन हो आप हमारी मदद ले सकते हैं। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री इदरजीत सिंह टांडी ने कहा कि इन इकाइयों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 116 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा और इस इकाई में 10.48 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जा रहा है। महाप्रबंधक श्री इद्दरजीत सिंह टांडी ने कहा कि सरकार ने उद्योगपतियों की बैठक में आश्वासन दिया था कि व्यापार का अधिकार अधिनियम के तहत सभी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी और उसी वादे के अनुसार सभी कार्य किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि जिले में किसी भी उद्योगपति को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी और सभी स्वीकृतियां समय पर जारी की जाएंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान राज्य को अपने पैरों पर खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं और यह कोशिश तभी सफल हो सकती है जब पंजाब के सभी लोग अपने-अपने कारोबार और जिम्मेदारियों पर ध्यान दें।

## आरकेएसडी कॉलेज में खुली प्रवेश प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी



प्राचार्य डा. संजय गोयल

कैथल, अगस्त : आरकेएसडी कॉलेज में सभी स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की खुली प्रवेश प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। यूजी और पीजी दोनों कार्यक्रमों के लिए नए पंजीकरण के लिए पोर्टल वर्तमान में खुला है और छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे पोर्टल पर खुद को पंजीकृत करें और फिर वे संबंधित विभाग में अपने फॉर्म जमा कर सकते हैं। हालांकि कुछ पीजी कार्यक्रमों की लगभग सीटें भर गई हैं फिर भी कुछ आरक्षित श्रेणी की सीटें अभी भी लंबित हैं। छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी पसंद के पाठ्यक्रम में प्रवेश की संभावनाओं के बारे में विशेष जानकारी प्राप्त करने के लिए दैनिक आधार पर कॉलेज का दौरा करें। प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने कहा कि कॉलेज ने यूजी कार्यक्रमों में अतिरिक्त दस प्रतिशत सीटों के लिए आवेदन किया है और इसके लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से इस सप्ताह पुष्टि मिलने की उम्मीद है। डॉ गोयल ने कहा कि पीजी कार्यक्रमों के लिए वर्तमान में खुली प्रवेश प्रक्रिया चल रही है और पोर्टल यूजी और पीजी दोनों के लिए भी खुला है, इसलिए छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अपने फॉर्म को पंजीकृत या संपादित करें और कॉलेज में जमा करें ताकि वे उपलब्ध विषय संयोजन या अपनी पसंद के पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए खुद को कम से कम पात्र बना सकें।

## भारत विकास परिषद ने 14वें स्थापना दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर



रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते अशोक गोयल व अन्य। (विरेन्द्र कोहली)

सीवन, अगस्त : भारत विकास परिषद शाखा सीवन के 14वें स्थापना दिवस पर छठे रक्तदान शिविर का आयोजन रामा आश्रम सीवन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरीश चावला ने की। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजपाल तंवर, जजपा नेता एवं कांगथली के सरपंच कृष्ण कुमार बाजीगर ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। रक्तदान शिविर में 102 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शाखा की तरफ से पहले और अंतिम रक्तदाता को पुष्पमाला डालकर सम्मानित किया गया। रक्तदाताओं को बैज लगाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शाखा के उप प्रधान अनिल गर्ग, हरीश चावला ने अपने संबोधन में भारत विकास परिषद के कार्यों एवं प्रकल्पों को विस्तार से बताया एवं कहा कि मानव सेवा ही सर्वोत्तम सेवा है। शाखा के अध्यक्ष अशोक गोयल ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह पर रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर शाखा के जिला प्रभारी कृष्ण कौशिक, मोहित बंसल, रजत मेहता, राकेश रतन, सुरेंद्र सरदाना, सूबेदार मोतीराम जांगड़ा, नरेंद्र सैनी, गीतांशु, रमेश बंसल, महिला सहभागिता प्रमुख सीमा राणा, रीटा गोयल, ममतेश रत्न सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## जीवन में सबका कल्याण करने वाली है शिव महापुराण कथा : सुरजेवाला



कथा श्रवध करते हुए सुरजेवाला व अन्य। (सतीश भराड़ा)

कैथल, अगस्त : श्रावण महीने के उपलक्ष्य में श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति कैथल एवं रेजिडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन हुडा सेक्टर 20 द्वारा आयोजित कथा ब्यास श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर यमुनापुरी जी महाराज के सानिध्य में 7 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला पहुंचे। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रांगण में कथा ब्यास श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर यमुनापुरी जी महाराज ने अपने प्रवचनों व मनमोहक भजनों से समा बांध दिया। श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर यमुनापुरी जी महाराज का आशीर्वाद लेते हुए बतौर मुख्यातिथि रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा भोलेनाथ देवों के देव महादेव हैं। जो भी व्यक्ति खुले मन से बगैर किसी कुंठा के महादेव के चरणों में शीश झुकाता है भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद उन पर सदैव बना रहता है व भोलेनाथ उनकी मनोकामना बिल्कुल पूरी करते हैं। यह शिव महापुराण कथा जीवन में सबका कल्याण करने वाली है। शिव महापुराण कथा केवल एक कथा ही नहीं बल्कि साक्षात परमात्मा है। जीवन में एक नए संचार व उमंग को पैदा करती है।

# जिले के सभी गांवों में ग्रामीणों द्वारा अमर शहीदों को नमन करते हुए निकाली तिरंगा यात्रा



तिरंगा यात्रा में शामिल जिला वासी।

कैथल, अगस्त : जिले के सभी गांवों में ग्रामीणों द्वारा तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। इसके साथ-साथ गांव में स्थापित शिलापलखम व शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि अमर शहीदों की बदौलत हम सभी को आजादी की खुली फिजां में सांस लेने का मौका मिला है। शहीदों को नमन करते हुए तिरंगा यात्रा आयोजित की जा रही है, जोकि आगामी 14 अगस्त तक भिन्न-भिन्न स्थानों पर होगी। देश को आजादी दिलवाने में असंख्य शहीदों ने अपने प्राणों को न्यौछावर किया है। आजादी की लड़ाई में कई बहनों ने अपने भाई, सुहागनों ने सुहाग, मां ने अपने बेटे देश की अस्मिता की रक्षा के लिए भेजे, उन सभी ने देश वासियों के लिए बलिदान दिया। ऐसे बलिदानियों के सम्मान में और उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए तिरंगा यात्रा आयोजित की जा रही है। तिरंगा हमारे देश की आन-बान-शान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा का एक ही उद्देश्य है कि अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाए। देश वासियों में अपने देश के प्रति अपार आस्था है। जिला वासियों में तिरंगा यात्रा को लेकर भारी जोश है। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग बढ़चढ़ कर अपने अमर शहीदों के प्रति कृतज्ञता भेंट करते हुए शान से तिरंगा लहरा रहे हैं।

## कलायत हल्का कांग्रेस पार्टी की टिकट पर ही लड़ूंगी विधानसभा चुनाव : सुनीता



सुनीता शर्मा कोटड़ा

**कैथल :** कांग्रेस नेत्री एवं जिला उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस कैथल सुनीता शर्मा कोटड़ा ने हल्का कलायत की 36 बिरादरी के आमजन व कार्यकताओं से सलाह मशविरा करने के उपरान्त कांग्रेस पार्टी के टिकट पर ही विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की है। अपने निवास पर हवन इत्यादि शुभ कार्य करवा कर उन्होंने चुनाव प्रचार अभियान का शुभारंभ किया। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि हमारा परिवार सदा कांग्रेस पार्टी से जुड़ा रहा है। सच्चे कार्यकर्ता व समाज सेविका के तौर पर वर्ष-2008 से युवा प्रधान कोटड़ा कांग्रेस, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस राजौंद व वर्तमान में जिला उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस जिला कैथल की पदाधिकारी हूं। हमारे परिवार व समाज का 36 बिरादरी के साथ अच्छे संबंध हैं। मेरे ससुर पंडित खुशी राम शर्मा कलायत हल्के के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता हैं। सुख दुख में पार्टी व लोगों के बीच में खड़े रहते हैं। सामाजिक, धार्मिक व प्रशासनिक कार्यों में मेरा परिवार अग्रणी भूमिका निभाता है। बेटी बचाने, बेटी पढाने व अन्य विकास कार्यों में हमारे परिवार व समाज का योगदान सराहनीय रहा है। कलायत हल्का के सभी 36 बिरादरी, पुरुष, महिलाओं, युवाओं, किसान, व्यापारी, कर्मचारी व अन्य वर्गों का मुझ पर भरोसा व पूर्ण समर्थन है। उन्होंने हल्का कलायत के निवासियों से अपील की कि इस नेक कार्य में पूर्ण समर्थन, आशीर्वाद, सहयोग व तन मन धन से साथ दें ताकि पिछड़े हुये हल्के को आपके सहयोग से विकसित व आगे ले जाया जा सके।

## जिले में 12 से 14 अगस्त तक निकाली जाएगी तिरंगा यात्राएं : प्रशांत पंवार

**कैथल :** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि हर घर तिरंगा मिशन यात्रा को लेकर जिले में सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यह तिरंगा यात्रा जिले में 12 अगस्त, 13 अगस्त व 14 अगस्त को विभिन्न विभागों पर भव्य तरीके से निकाली जायेगी। इस यात्रा का एक ही लक्ष्य व उददेश्य है नागरिकों में देश भक्ति की भावना को और प्रबल करना है। इस यात्रा के तहत हर घर में तिरंगा लहराया जायेगा। डीसी ने बताया कि 12 अगस्त को शहरी एवं स्थानीय निकाय विकास राज्यमंत्री सुभाष सुधा शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम शिक्षा विभाग द्वारा जाखौली अड्डा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 13 अगस्त को विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम जिला खेल अधिकारी व महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में 14 अगस्त को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवर पाल गुर्जर कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम पुलिस विभाग द्वारा आयोजित किया जाएगा। डीसी ने नागरिकों से आह्वान किया की इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर भाग लें। इस अभियान में हर वर्ग की भागेदारी जरूरी है।

## मतदाता सूचियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य जारी



मतदाता सूचियों में जारी पुनरीक्षण कार्य।

**कलायत :** नये मतदाताओं को मतदाता सूचियों मे जोड? के लिए क्लाए गए अभियान के तहत जिन युवाओं की आयु 1 जुलाई 2024 को 18 वर्ष हो गई है, ऐसे सभी युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ा जाएगा। इसके लिए संबंधित बूथ लेवल अधिकारी, पंजीयन अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी और विभाग की वेबसाइट पर आवेदन कर मतदाता सूची से जुड़ सकते हैं। सुपरवाईजर प्रकाश रवि गर्ग ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का 1 जुलाई, 2024 को क्वालीफाइंग तिथि मानकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 1 जुलाई 2024 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी पात्र व्यक्तियों के नाम फोटोयुक्त मतदाता सूची में शामिल करने तथा वर्तमान मतदाता सूची से मृतक अथवा स्थान छोड़ कर चले गये मतदाताओं के नाम हटाने व नाम इत्यादि में कोई अशुद्धि है तो अपने नजदीकी बीएलओ के पास निर्धारित प्रोफार्मा फार्म-6, फार्म-7, फार्म न-8 में अपना आवेदन अवश्य करें। इसके अलावा इच्छुक नागरिक विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपने आप को पंजीकृत करवा सकते हैं। रविवार को आयोजित शिविर में बीएलओ टेक चंद, रीना रानी, नीलम, पूनम, शशिबाला, सोमपाल, सुखबीर, सुनील, सुरेश, अनिल मोर, सरोज और पिंकी मौजूद रहे।

## कुशलपाल राणा बने कलायत ब्लाक समिति एसोसिएशन के प्रधान



बीडीपीओ कार्यालय में मौजूद ब्लाक समिति एसोसिएशन के सदस्य।

**कलायत :** हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले पंचायती राज व्यवस्था से जुड़े प्रतिनिधि भी सदन के अंदर और बाहर अपनी आवाज को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाने की रणनीति बनाने में लगे हैं। इसके तहत कलायत ब्लाक समिति एसोसिएशन का सर्व सम्मति से चुनाव करवाया गया। इसमें कुशलपाल राणा को प्रधान और सलिंद्र कोकी चौशाला को उप प्रधान की कमान सौंपी गई। अन्य पदाधिकारियों के चयन की प्रक्रिया संगठन द्वारा जल्द पूरी की जाएगी। नवनियुक्त प्रधान कुशलपाल राणा और उप प्रधान सलिंद्र कोकी चौशाला ने कहा कि संगठन के माध्यम से उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका वे कुशलता से निर्वहन करेंगे। ब्लाक समिति चेयरपर्सन ज्योति धानिया, वाइस चैयरपर्सन सोमवती, रामभूल, दर्शन सिंगद, पिंकी, मंजीत, दिनेश शर्मा, कविता, सोहन लाल, सीमा देवी व अन्य सदस्यों ने कहा कि सामूहिक तौर से ग्रामीण विकास मिशन तेज करने का जो संकल्प लिया गया है उससे ग्रामीण क्षेत्र को एक नई पहचान मिलेगी। पदाधिकारियों के चयन पर सभी ने बधाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### घर में घुस अनुज वधू व माँ बाप से की मारपीट

उरई। चुरखी थाने के ग्राम सतरहजू निवासी करीना पत्नी अमर सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उस के जेठ प्रथम सिँह पुत्र दशरथ सिंह ने घर में घुस कर उस के साथ, उस के ससुर दशरथ सिंह व सास उर्मिला के साथ गाली गलोच व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी, पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी व उस के अज्ञात साथियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है

### बच्चों को जहरीला पदार्थ खिलाने के आरोपी पर मुकदमा दर्ज

उरई। कुठोंद थाने के ग्राम पंडितपुर निवासी विनोद कुमार पुत्र गया प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गाँव के राज कुमार तिवारी पुत्र बाबूराम तिवारी द्वारा उस के बच्चो को प्रसाद में कुछ ऐसा खिला दिया गया, जिस से उन की तबियत खराब हो गयी, जब उस ने शिकायत की तो वह जान माल की धमकी देकर गाली गलोच करने लगा, पुलिस ने आरोपी पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी हैं।

### युवक के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी

उरई। कुठोंद थाना पुलिस ने मारपीट की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया हैं। बीरू पाठक पुत्र माता प्रसाद पाठक निवासी ग्राम कस्बा थाना कुठोंद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि कस्बा निवासी राजा तिवारी पुत्र अज्ञात ने अपने दो अज्ञात साथियो के साथ रोक कर उस के साथ गाली गलोच व मारपीट की साथ ही उस ने जान से मारने की धमकी भी दी हैं, पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी हैं।

### सड़क दुर्घटना मामले में चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कालपी –उरई। विद्यालय में मौजूद लोग तिरंगा फहराते हुए ।बीते सप्ताह जोल्हूपुर मोड में सड़क दुर्घटना में 13 वर्षीय छात्र के घायल होने के मामले में लोडर वाहन चालक के खिलाफ कालपी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस इस मामले की विवेचना करने में जुट गई है। उक्त प्रकरण को लेकर के वादी जगराम प्रजापति पुत्र लोकेनद निवासी ग्राम जोल्हूपुर ने कालपी कोतवाली में अभियोग दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 30 जुलाई को समय सुबह करीब 6-7 बजे प्रार्थी का पुत्र हिमांशु प्रजापति पढ़ाई के लिए स्कूल जाने के लिए घर से निकला हुआ था। जैसे ही गांव के ही रेलवे ओवर ब्रिज के पास सड़क में पहुंचा तभी हमीरपुर से जोल्हूपुर आ रहा था ।लोडर गाड़ी रजिस्ट्रेशन नंबर एमपी 16 जीए 1358 के अज्ञात ड्राइवर ने तेजी तथा लापरवाही से वाहन चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हिमांशु के पेट , कूल्हे एवं शरीर के तमाम स्थानों में चोटे आई हैं। घायल अवस्था में हिमांशु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराकर इलाज कराया गया। इसके बाद जिला चिकित्सालय उरई में इलाज कराया गया तथा मेडिकल कॉलेज झांसी में भी उपचार चला रहा है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है । इस प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह के द्वारा की जा रही है।

# निरोजा परिवार द्वारा पुस्तक विमोचन एवम सम्मान समारोह संपन्न।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**गोरखपुर।** निरोजा ग्रीन इंडिया फाउडेश के द्वारा गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पुस्तक विमोचन एवम उत्कृष्ट विभुतिओ को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में डा सुनील तिवारी एवं अंजू रंजना द्वारा लिखित पुस्तक स्वतंत्र भारत की शिक्षा नीतियां,वैदिक गणित एवम अनौपचारिक शिक्षा के प्रति दृष्टिकोण का विमोचन शिक्षाविद गोराख लाल श्रीवास्तव , डा राम कृपाल राय,मानद कुलपति संत सौरभ, डा पी के राजपूत एवम डा नीरज गुप्ता के कर कमलों द्वारा विमोचित किया गया। कार्यक्रम में धरा धाम प्रमुख सौहार्द शिरोमणि मानद कुलपति ने पुस्तक की समीक्षा करते हुए पुस्तक के गुणवत्ता पर प्रकाश डाला। सर्वोदय किसान पी जी कॉलेज के प्राचार्य डा.राम कृपाल राय ने नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डाला एवं पुस्तक लेखक को शुभकामनाएं प्रेषित किया। कैडिला फार्मा के पूर्व उपाध्यक्ष डा पी के राजपूत ने कहा कि यह पल हमारे लिए बहुत ही सुखद पल है ।उन्होंने कहा कि पुस्तक लेखन एक विशेज कला एवं साधना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति पदक से सम्मानित शिक्षाविद गोरख लाल श्रीवास्तव एवम संचालन




युवा कवि उत्कर्ष शुक्ला रुद्र ने किया। आभार ज्ञापन डा नीरज गुप्ता संस्थापक ग्रीन इंडिया फाउडेशन ने किया। इस दौरान बाल भक्त साध्वी श्वेतिमा माधव प्रिया एवम बाल भक्त सौराष्ट्र पाण्डेय ने आपने मुखरबिंदु से भग्वतपुराण के श्लोक सुनाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में डॉ सुनील कुमार तिवारी(कानपुर ) एवं अंजू रंजना ( लखनऊ) को निरोजा ग्रीन इंडिया परिवार द्वारा आइकॉन ऑफ इंडिया सम्मान से सम्मानित किया गया साथ ही कैडिला फार्मा के पूर्व उपाध्यक्ष डॉक्टर पीके राजपूत ( गुजरात) को संस्था द्वारा लाला लाजपत राय लोकनायक सम्मान से सम्मानित किया गया इस अवसर पर डा एहसान अहमद , वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, डा.विनय श्रीवास्तव,प्रेस क्लब के पूर्व महामंत्री मनोज यादव, डा प्रियंका वर्मा, कृपा शंकर राय,सत्य प्रकाश सिंह, डा .विनय झा, डा ऋतू राजपूत ,चंचला शुक्ला , डा रागिनी पाण्डेय, डा जितेंद्र मिश्रा , प्रतिभा गुप्ता , श्वेता सिंह विसेन, दिवाकर शुक्ला, एकता गोरखपुरी, वन्दना श्रीवस्तव, कौशल किशोर नादान, अभिषेक सिंह अनुपम, अकिब अंसारी जलालुद्दीन कादरी, मकसूद आलम, राज शेख आदि विभूतिओ को भी सम्मानित किया गया।

## बगहा एक के तीन पंचायतों में वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट (डब्लूपीए) बनाने का पंचायत कर्मियो को दिए आवश्यक दिशा- निर्देश।



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बगहा।** प्रखंड बगहा एक के कार्यालय प्रकोष्ठ में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने सोमवार को तीन पंचायत के मुखिया, बीसी, पंचायत कर्मियों के साथ बैठक किया। इस दौरान प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी पुरन कुमार शर्मा भी मौजूद रहें। बीडीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि स्वच्छता अभियान के माध्यम से हर पंचायत में वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट (डब्लूपीए) बनाना है। जिसमें प्रखंड बगहा एक के तीन पंचायतो में वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट अब तक नहीं बना है। जिसको लेकर प्रखंड समन्यवक, पंचायत सचिव, पंचायत के मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि जहां डब्लूपीए अभी तक नहीं बना है ।उक्त पंचायत में डब्लूपीए तय समय सीमा के अंदर पूर्ण कराएं। इसके साथ ही बीडीओ ने पंचायत सरकार भवन आदि को भी लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया साथ ही शवदाह गृह बनाने का भी निर्णय गया बैठक में सिसवा बसंतपुर पंचायत के लोगों द्वारा शिकायत किया गया कि कुछ लोगों द्वारा डब्लूपीए बनाने के लिए चिन्हित जमीन पर कुछ लोगों द्वारा हस्तक्षेप किया जा रहा है। बीडीओ ने इस संबंध में पदाधिकारी और कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके साथ ही बीडीओ प्रदीप कुमार ने कई लोगों की समस्याओं सुना और उनके समस्याओं का निष्पादन करने का आश्वासन दिया।

## पश्चिम चंपारण मे नव पदस्थापित बगहा एक प्रखंड कल्याण पदाधिकारी साक्षी मिश्रा ने की योगदान।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बगहा (पश्चिम चम्पारण)।** बगहा एक कार्यालय में नव पदस्थापित प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी साक्षी मिश्रा ने योगदान किया हैं। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार सहित प्रखंड कर्मियो ने उनका स्वागत किया।गौरतलब हो कि बगहा एक प्रखण्ड के प्रखंड कल्याण पदाधिकारी दीपक कुमार का प्रखंड मैनाटांड़ में तबादला हो गया और उनके स्थान पर नव पदस्थापित प्रखंड कल्याण पदाधिकारी साक्षी मिश्रा ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय में पदभार ग्रहण की। नव पदस्थापित प्रखंड कल्याण पदाधिकारी साक्षी मिश्रा ने कहा कि नौकरी में मेरा पहला ज्वाइनिंग हैं ।बगहा एक प्रखंड में यह मेरी पहली पदस्थापन है। उन्होंने बतायी कि बिहार सरकार अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए कई तरह की योजनाएं चला रही है। उन सभी योजनाओं का लाभ अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगो



तक शत प्रतिशत पहुंचाया जायेगा। प्रखंड क्षेत्र का विकास तथा गरीब, असहाय, निर्बल और दबे-कुचलो का सेवा करने के साथ-साथ सरकारी योजनाओं को समय से क्रियान्वित करना ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी।इस मौके पर राजस्व पदाधिकारी विकास कुमार,प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि पारस बैठा,लेखापाल धमेंद्र कुमार समेत प्रखण्ड सह अंचल कर्मी रहें।

# तमसा नदी में फंसे 69 श्रद्धालु को एसएसबी और एपीएफ ने डूबने से बचाया।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**वाल्मीकिनगर।** वाल्मीकिनगर स्थित भारत-नेपाल सीमा पर सीमा सुरक्षा में तैनात एसएसबी सीमा सुरक्षा सहित सामाजिक सुरक्षा के लिए तत्पर रहता है ।इसी क्रम में 21वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कार्यक्षेत्र एफ समवाय वाल्मीकि आश्रम के कार्मिकों और एपीएफ नेपाल के कर्मियों ने वाल्मीकि आश्रम (नेपाल) में दर्शन करने आए लगभग 69 श्रद्धालुओ को तमसा नदी के तेज धार में बहने से सकुशल बचाते हुए पार कराया ।जानकारी हो कि सोमवार की सुबह लगभग 5




बजे 69 श्रद्धालु, जो भारत से वाल्मीकि आश्रम (नेपाल) दर्शन करने गये थे ।दर्शन करने के उपरांत जब श्रद्धालु वापस आ रहे, तो अचानक तमसा नदी में तेज बहाव के साथ पानी का स्तर में वृद्धि होने लगा, जिससे कुछ श्रद्धालु नदी में फस गए और चीख पुकार करने लगे। इस पर एफ समवाए के समवाय प्रभारी को और एपीएफ नेपाल के पोस्ट कमांडर को सूचना मिली ।सूचना मिलते ही दोनो प्रभारियों तत्परता दिखाते हुए अपने - अपने कर्मियों के साथ नदी के पास पहुंचे अदम्य साहस का परिचय देते हुए मानव श्रृंखला बना कर तथा उपस्थित संसाधन का उपयोग करते हुए कुल 69 श्रधालु को जिसमें (पुरुष - 31, महिला - 29, बच्चें - 09) सकुशल तमसा नदी से बाहर निकाला। इसके उपरांत सभी श्रद्धालु अपने- अपने गंतव्य को प्रस्थान किए।

## खरीफ की फसलें ज्यादा बारिश से हो रही खराब अन्नदाता चिंतित



### ज्यादा बारिश से खरीफ की फसले जलमग्न हो गयी है



**कोंच ।** तहसील क्षेत्र के ग्राम धनौरा निवासी मनोहर सिंह निरंजन लगातार हो रही बारिश से चिंतित हैं। उनका कहना है कि अगर बारिश इसी रफ्तार से होती रही तो फसलों को बचा पाना मुश्किल हो जाएगा।और अगर बारिश न रूकी तो खरीफ की फसल किसान के हाथ से जाती रहेगी।

■ कोंच

कई घंटों से हो रही मूसलाधार बारिश ने खरीफ फसलों का बुरा हाल कर दिया है। अगस्त के इस मौसम में ज्यादा पानी बरसने के कारण किसान बुरी तरह से चिंतित है।

हालांकि बुंदेलखंड में अभी उतना पानी नहीं बरसा है जितना औसत में बरसना चाहिए लेकिन अगस्त के दूसरे हफ्ते में आचानक आए मानसून ने बिना रुके जिस तरह झड़ी लगाई है उससे धान को छोड़कर बाकी खरीफ फसलों की बुरी हालत है। मौसम विभाग बारिश को लेकर लगातार अलर्ट जारी कर रहा है। बता दें कि खरीफ फसल को नकद फसल मानकर अधिकांश किसानों ने अपने खेतों में धान, तिल, उड़द, मूंग और मूंगफली जैसी फसलों की बुआई कर रखी है ताकि गृहस्थी की जरूरतों को पूरा करने के लिए कुछ मुनाफा कमाया जा सके लेकिन जानकार किसानों की अगर मानें तो हो रही बारिश ने किसानों के सारे अरमानों पर पानी फेर दिया है। उनका मानना है कि धान को छोड़कर बाकी सभी जिंसों में नुकसान है लेकिन पानी की रफ्तार यही रही तो धान और मूंगफली में भी नुकसान से इंकार नहीं किया जा सकता है। किसान जयप्रकाश सोनी, राजकुमार छुन्ना धनौरा,मनीष राजपूत, पंकज सेता, दिनेश पाठक भेंड़,राजेश गुप्ता कराई वाले आदि का कहना है कि इस बार खरीफ फसलों की लागत निकलना भी मुश्किल हो जाएगा।

## 3162 बंदियों की होगी नई जेल में सुविधा

■ कानपुर

नई जेल के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। नगर के सरसौल में पांच अरब की लागत से दो मंजिला जेल का निर्माण किया जाएगा । प्रशासन ने जेल विभाग को 116 एकड़ जमीन हस्तांतरित करने की कार्रवाई पूरी कर दी है। लोक निर्माण विभाग ने डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाकर बजट स्वीकृत के लिए शासन को भेज दिया है। शासन से बजट मिलने के बाद काम शुरू हो जाएगा।

वर्ष 2016 में नई जिला जेल बनाने की योजना बनी थी। लगभग 8 साल बाद भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो सकी है। प्रशासन ने सरसौल की 116 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करने के बाद जेल विभाग को हस्तांतरित कर दिया है। पांच अरब की लागत से बनने वाली जेल के निर्माण की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी को सौंपी गई है। नई जेल की क्षमता 3162 बंदियो की होगी।

इसमें पुरुष बंदियों के लिए दो मंजिला 21 बैरकों का निर्माण होगा। दो मंजिला तीन क्वारंटीन बैरकें भी बनेगी। महिला बंदियों के लिए दो मंजिला एक बैरक बनेगी। किशोर बाल अपराधियों के लिए भी अलग बैरकें बनाई जाएगी। 24 बंदियों के लिए ग्राउंड फ्लोर में हाई सिक्योरिटी बैरक का निर्माण होगा।

**बाल अपराधियों के लिए बनेगा स्कूल-**

नई जेल में स्कूल का निर्माण भी कराया जाएगा, ताकि किशोर और बाल आपचारियों को शिक्षित किया जा सके। संवेदनशील बंदियों के लिए दो बैरकों का अलग से निर्माण किया जाएगा। भविष्य में जेल की क्षमता पांच हजार करने के लिए अतिरिक्त जमीन छोड़ी जाएगी।

## पहाड़गाँव रोड से उरई रोड को जोड़ने वाले बाईपास को शासन से मिली मंजूरी

**कोंच।** क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कोंच बाशियो को एक बड़ी सौगात दी है। पहाड़गांव रोड से उरई रोड को जोड़ने वाला बाईपास शासन ने मंजूर कर लिया है, इसके निर्माण पर 25 करोड़ की लागत आएगी। शासन की स्वीकृति मिलने के बाद उम्मीद है कि जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू होगा। यह बाईपास बनने के बाद नगर के लोगों को जैम की समस्या से बढ़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को भी इस बाईपास का फायदा मिलेगा। सर्वे का काम पहले ही पूरा कर लिया गया था जिसके मुताबिक यह 7 मीटर चौड़ा और साढ़े 5 किलोमीटर लंबा होगा। विधायक ने बताया कि लंबे समय से इस बाईपास की जरूरत महसूस की जा रही थी। 22 जून को भेजे गए इस प्रस्ताव को शासन की मंजूरी मिल गई है। जल्द ही अन्य औपचारिकताएं पूरी कर इसका निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

गौरतलब है कि नगर में जैम की समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसी बीच एक राहत भरी खबर मिली है कि जल्द ही पहाड़गांव रोड से लेकर उरई रोड को जोड़ने वाला एक और बाईपास बनने की पृष्ठभूमि तैयार हो गई है। इसके सर्वे का काम भी पूरा कर लिया गया है और शासन ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए 25 करोड़ के बजट का प्रावधान किया है। बताया गया है कि पहाड़गांव रोड से उरई रोड बाईपास साढे 5 किलोमीटर लंबा व 7 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। पिछले दिनों ही इसका आगणन बना कर शासन को भेजा गया था। इस बाईपास की मांग लंबे समय से नागरिकों द्वारा की जा रही थी। बहरहाल, इस बाईपास से नगर के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी, नगर में लगने वाले जैम से भी निजात मिलेगी।

# अपने शहर में ही मिलेगी अब बच्चों को गोद लेने की सुविधा

■ कानपुर

शहर में ही निराश्रित बच्चों को गोद लेने की सुविधा अब मिलने लगेगी, अभी तक इसके लिए लखनऊ की विशेष दत्तक ग्रहण इकाई के चक्कर लगाने पड़ते थे। नगर स्थित राजकीय बाल-बालिका गृह में विशेष दत्तक ग्रहण इकाई खोल दी गई है, जिसमें तीन आया की नियुक्ति भी कर दी गई है। अधीक्षिका का कार्यभार बालक बालिका गृह की अधीक्षिका को ही दिया गया है। इसमें छः साल तक के निराश्रित बच्चे रखे जाएंगे। केंद्रीय दत्तक ग्रहण अभिकरण के माध्यम से इन बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया पूरी कराई जा सकेगी । हालांकि अभी इकाई में कोई बच्चा नहीं है।




पांच साल पहले तक शहर में बाल संरक्षण सुभाष चिल्ड्रन विशेष दत्तक ग्रहण इकाई चलती थी ।बाद में कुछ कारणों से इसे बंद कर दिया गया था। इसके बाद से निराश्रित बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया लखनऊ स्थित दत्तक ग्रहण इकाई से चल रही थी। अब हर जिले में विशेष दत्तक ग्रहण इकाई खोलने का आदेश हुआ। इसके बाद आनंद फानन में स्वरूप नगर स्थित राजकीय बालिका गृह में विशेष दत्तक ग्रहण इकाई खोल दी गई है। जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह ने बताया कि इस इकाई की क्षमता फिलहाल 10 बच्चों की है जरूरत पड़ने पर इसे और बढ़ाया जाएगा अभी इकाई में कोई बच्चा नहीं है कोई बच्चा आया तो देखने के लिए डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मी हर समय मौजूद रहेंगे। तीन आया की तैनाती भी कर दी गई है।

## सर्किल के सभी थानों में हुआ समाधान दिवस का आयोजन

■ कोंच

कोतवाली सहित सर्किल के सभी थानो में शनिवार को आयोजित किए गए थाना समाधान दिवस में अधिकारियों ने थानों में बैठकर फ़रियादियों की शिकायतें सुनी।अधिकारियों ने सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के अधीनस्थों को निर्देश दिए।नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में कोतवाली में आयोजित किए गए थाना समाधान दिवस में नायब तहसीलदार जितेन्द्र सिंह ने शिकायतें सुनी। इस दौरान कुल 6 शिकायतें दर्ज करायी गयीं जिनमें से मौके पर मात्र 3 शिकायतें निस्तारित कर दी गयीं। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय,वरिष्ठ उपनिरीक्षक अविनाश मिश्रा,सागर चौकी प्रभारी अविनाश पटेल,उपनिरीक्षक अनुराग राजन सहित राजस्व कर्मी मौजूद रहे। थाना नदीगांव में एसडीएम ज्योति सिंह की अध्यक्षता व सीओ अर्चना सिंह की उपस्थित में शिकायतें सुनी गई।इस मौके पर 3 शिकायते दर्ज की गयीं तीनों शिकायतें मौके पर ही निस्तारित कर दी गयीं।इस मौके पर थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।वही थाना कैलिया में थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता की लेकिन निर्धारित समय तक एक भी फरियादी अपनी समस्या लेकर मौके पर नहीं पहुंचा।

## हर घर तिरंगा-तिरंगा कार्यक्रम के आयोजन में भाजपाइयों ने झंडे फहराये

■ उरई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक घर में तिरंगा लगवाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा गतिशीलता से कार्यक्रम शुरू कर दिए गए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव की मौजूदगी में आयोजित मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक में तिरंगा यात्रा की तैयारी की गई। सरस्वती विद्या मंदिर सदर बाजार कालपी में आयोजित कार्यक्रम में शक्ति केंद्रों के संयोजक,प्रभारी, प्रवासी, सभी बूथो के अध्यक्ष, वर्तमान व निवर्तमान जनप्रतिनिधि,व सभी पदाधिकारी व पूर्व पदाधिकारी सभी मोर्चा पदाधिकारी, एवम कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये नगर भाजपा अध्यक्ष भारत सिंह



यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशों के प्रत्येक घर में तिरंगा झंडा फहराया जाना है। इसके लिए 9 अगस्त से कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है।जिला महामंत्री अग्निवेश चतुर्वेदी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष लकी त्रिपाठी, राघवेंद्र सिंह जादौन एडवोकेट अशोक बाजपेई अश्वनी तिवारी महाराज सौरभ गुप्ता अतुल गुप्ता अरविन्द राठौर, हर्षित खन्ना अमित पाण्डे, अशोक बाजपेई ब्रह्म सिंह यादव मयंक श्रीवास आशीष चतुर्वेदी सुबोध द्विवेदी हरी बाबू गुप्ता सभासद रविंद्र करी कोमल चौहान अवधेश तिवारी आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे इस मौके पर छात्र-छात्राओं शिक्षा भेजो एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा तिरंगा फहरा करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## सार संक्षेप

### प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'द ब्लफ' की शूटिंग हुई पूरी



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की आने वाली फिल्म द ब्लफ की शूटिंग पूरी हो गयी है। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों फिल्म द ब्लफ को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो गयी है। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर फिल्म द ब्लफ की शूटिंग से जुड़ी तस्वीरें शेयर की हैं और इसके साथ ही एक नोट भी शेयर किया है। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। प्रियंका ने फोटो शेयर करते हुए लिखा कि द ब्लफ पर यह एक पिक्चर रैप है। इसे अपने परिवार और फिल्म को संभव बनाने वाले अविश्वसनीय लोगों की मौजूदगी में करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।यह वाकई में प्यार की मेहनत रही है। फ्रेंकी ई फ्लावर्स के विश्वास के बिना यह संभव नहीं हो पाता। इतने प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ खूबसूरत ऑस्ट्रेलिया में पूरी टीम के साथ काम करने में सफल होना बहुत मजेदार रहा था। जितना मुझे यहां यह फिल्म बनाना पसंद आया, मैं घर जाते हुए भी बहुत खुश हूं।

### पोखर की पाल ढहने से सात बच्चों की डूबकर हुई मौत

**भरतपुर:** राजस्थान में भरतपुर के बयाना थाना क्षेत्र में बाणगंगा नदी के किनारे पोखर में डूबने से सात बच्चों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे के शिकार सभी बच्चे करौली के पांचना बांध से छोड़े जा रहे पानी की आवक देखने के लिए फरसो गांव के पास बाणगंगा नदी के किनारे पानी के बहाव क्षेत्र में एक पोखर के पास खड़े थे। अचानक बाणगंगा नदी के पानी के तेज बहाव से पोखर की पाल ढह गई और सभी बच्चे पाल की मिट्टी में दब गए। सूत्रों ने बताया कि ग्रामीणों ने उनको निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली तो प्रशासन को सूचना देकर राज्य आपदा राहत बल (एसडीआरएफ) का दल मौके पर बुलाया गया। दल ने सभी बच्चों के शव निकालकर अस्पताल भिजवा दिये।

### 'लोकोमोटिव भारतीय रेलवे का नहीं है कांग्रेस की पोस्ट पर रेलवे का जवाब'

**नई दिल्ली:** भारतीय रेलवे ने कांग्रेस द्वारा उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के शक्तिनगर क्षेत्र में एक मालगाड़ी के बेपटरी होने की घटना पर कांग्रेस के ट्वीट का जवाब देते हुए कहा है कि यह ट्रैक, वैगन एवं इंजन रेलवे के अधिकार में नहीं बल्कि विद्युत संयंत्र के अधीन है। रेल मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस द्वारा अनपारा तापविद्युत संयंत्र के अंदर संयंत्र के रेल ट्रैक पर कोयले की ढुलाई करने वाले कुछ वैगन और इंजन बेपटरी होने की घटना को लेकर एक्स पर एक पोस्ट की गई है। इसमें एक वीडियो भी साझा किया गया है और उसे भारतीय रेलवे की विफलता के तौर पर प्रदर्शित किया गया है। सूत्रों ने कहा कि उसी वीडियो से पता चलता है कि बेपटरी हुए वैगनों पर उत्तर प्रदेश विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड लिखा है। सूत्रों के अनुसार रेलवे लाइन, वैगन एवं इंजन संयंत्र की है और उसे परिचालित करने वाले कर्मचारी भी निगम के कर्मचारी हैं।

### सिन्हा ने जताई जम्मू-कश्मीर में विस चुनाव जल्द होने की उम्मीद

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि चुनाव की तारीखों की घोषणा को चुनाव आयोग (ईसीआई) का विशेषाधिकार बताते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जम्मू- कश्मीर में विधानसभा चुनाव जल्द ही होंगे। सिन्हा ने जम्मू विश्वविद्यालय में मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन के मौके पर संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनगर की अपनी यात्रा के दौरान पहले ही कहा है कि जम्मू-कश्मीर में जल्द ही विधानसभा चुनाव होंगे। सिन्हा ने कहा कि ईसीआई दल ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर का दौरा किया और राजनीतिक दलों तथा सभी हितधारकों से मुलाकात की है। वे सभी दलों से विचार-विमर्श करने के बाद दिल्ली लौटे। उपराज्यपाल ने कहा कि जैसा कि संसद में केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा था कि पहले परिसीमन, विधानसभा चुनाव और उसके बाद उचित समय पर राज्य का दर्जा दिया जाएगा। वैसे ही जम्मू-कश्मीर में चीजें क्रम के अनुसार हो रही हैं।



कनाडा के वैंकूवर कन्वेंशन सेंटर में एनीमे रिवोल्यूशन सम्मेलन के दौरान तस्वीरों के लिए पोज देतीं कॉस्प्लेयर।

# वायनाड आपदा: अज्ञात अस्थि कलशों का हरिद्वार में होंगे विसर्जित

● नई दिल्ली,



**केरल** के वायनाड में आई प्राकृतिक आपदा में मारे गए अज्ञात शवों के अस्थि कलशों को लाकर हरिद्वार में 28 सितंबर को मां गंगा को समर्पित किया जाएगा।

श्री देवोत्थान सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल नरेन्द्र ने रविवार को यह संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली से केरल भेजा जाएगा, जो राज्य सरकार से वार्ता कर अस्थि कलशों को सम्मानपूर्वक दिल्ली लाएगा। इसके बाद सम्मानपूर्वक अस्थि कलशों को उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित कनखल, सतीघाट पर मां गंगा को समर्पित किया जाएगा। समिति के राष्ट्रीय महामंत्री विजय शर्मा ने बताया कि दक्षिण भारत के इस राज्य में भाषा को समझने में कठिनाइयां न हो, इसके लिए समिति के दक्षिण भारत प्रमुख अधिवक्ता एच पी राव को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। राव कानून के अनुसार अनाम अस्थि कलशों को लाने की प्रक्रिया में अपना सहयोग करेंगे। महामंत्री ने बताया कि राव के साथ अधिवक्ता राणा कुशल पाल सिंह के अलावा सिधु ए एस, अमित जैन और देवेन्द्र सिंह को नियुक्त किया गया है।

उन्होंने दावा किया कि समिति पिछले 22 वर्षों में पाकिस्तान के हिंदू सिख के 295 अस्थि कलशों सहित करीब 1,61,161 अनाम लोगों के अस्थि कलशों को वैदिक रीति से गंगा में विसर्जित कर चुकी है। समिति दो दशकों से प्रतिवर्ष पितृपक्ष के दो दिनों में 100 किलो दूध की धारा के साथ अस्थियों का विसर्जन करती आ रही है।



रविवार को तिमोर-लेस्ते से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान से पहले अभिवादन करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

# अमेरिका ने कराया सत्ता से बेदखल..

## बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने लगाया आरोप

● नई दिल्ली, एजेंसी

**बांग्लादेश** की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अमेरिका पर बड़ा आरोप लगाया है। अभी भारत में रह रहीं शेख हसीना का कहना है कि सेंट मार्टिन द्वीप न सौंपने के कारण अमेरिका ने उन्हें सत्ता से बेदखल कराया है. शेख हसीना का कहना है कि सेंट मार्टिन द्वीप मिल जाने के बाद बंगाल की खाड़ी पर अमेरिका का प्रभाव बढ़ जाता।

शेख हसीना ने अपने मैसेज में बांग्लादेशी नागरिकों को कट्टरपंथियों के बहकावे में न आने की चेतावनी दी है। अपने करीबी सहयोगियों के माध्यम से भेजे गए और ईटी को उपलब्ध कराए गए मैसेज में शेख हसीना ने कहा है कि मैंने इस्तीफा दे दिया, ताकि मुझे शवों का जुलूस न देखना पड़े। वे छात्रों की लाशों पर सत्ता में आना चाहते थे, लेकिन मैंने ऐसा नहीं होने दिया, मैंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

हसीना ने आगे कहा है कि मैं सत्ता में बनी रह सकती थी, अगर मैंने सेंट मार्टिन द्वीप की संप्रभुता को त्याग दिया होता और अमेरिका को बंगाल की खाड़ी पर प्रभाव रखने दिया होता। मैं अपने देश के लोगों से विनती करती हूं, कृपया कट्टरपंथियों के बहकावे में न आएं। शेख हसीना आगे कहती हैं, कि अगर मैं देश में रहती तो और अधिक लोगों की जान चली जाती, और अधिक संसाधन नष्ट हो



जाते। मैंने बाहर निकलने का बेहद कठिन निर्णय लिया। मैं आपकी नेता बनी, क्योंकि आपने मुझे चुना, आप मेरी ताकत थे। मेरे दिल में यह खबर सुनकर रोना आ गया है कि कई नेताओं की हत्या कर दी गई है, कार्यकताओं को परेशान किया जा रहा है और उनके घरों में तोड़फोड़ और आगजनी की गई है... सर्वशक्तिमान अल्लाह की कृपा से मैं जल्द ही वापस आऊंगी। शेख हसीना ने आगे कहा है कि अवामी लीग ने बार-बार आवाज उठाई है। मैं बांग्लादेश के भविष्य के लिए हमेशा प्रार्थना करूंगी, वह राष्ट्र जिसके लिए मेरे महान पिता ने संघर्ष किया.. वह देश जिसके लिए मेरे पिता और परिवार ने अपनी जान दे दी..।

आरक्षण आंदोलन और छात्र विरोध का जिक्र करते हुए हसीना ने कहा कि मैं बांग्लादेश के युवा छात्रों से दोहराना चाहूंगी कि मैंने आपको कभी रजाकार नहीं कहा.. बल्कि मेरे शब्दों को आपको भड़काने के लिए तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। मैं आपसे उस दिन का पूरा वीडियो देखने का अनुरोध करती हूं। षड्यंत्रकारियों ने मासूमियत का फायदा उठाया है।

### बांग्लादेश में भीड़तंत्र, सुप्रीम कोर्ट भी सुरक्षित नहीं : जॉय

**ढाका :** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पुत्र सजीब वाजेद जॉय ने रविवार को दावा किया कि देश में कानून के शासन की जगह भीड़तंत्र लागू हो गया है और यहां सुप्रीम कोर्ट भी सुरक्षित नहीं है। फिलहाल अमेरिका में रह रहे जॉय ने अपने फेसबुक अकाउंट पर कहा कि यह सुधार नहीं है, यह भीड़तंत्र है, देश में उच्चतम न्यायालय भी सुरक्षित नहीं है।

जॉय ने बताया कि शनिवार को प्रदर्शनकारियों ने सुप्रीम कोर्ट पर हमला करने और बंगलादेश के मुख्य न्यायाधीश के घर को जलाने की धमकी दी थी। उन्होंने मुख्य न्यायाधीश समेत कोर्ट के सभी लोगों के इस्तीफे की मांग की और नियुक्त किए जाने वाले लोगों के नामों व्यक्ति की एक सूची प्रदान की। अंतरिम सरकार ने उनकी मांगे मान ली और उनकी ओर से नामित व्यक्ति को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त कर दिया।

# राज्य स्तरीय आदर्श नशा मुक्ति केंद्र स्थापित होगा: सुक्खू

### कहा -आज के दौर में युवाओं को नशे से दूर रखना सबसे बड़ी चुनौती

● नाहन,

**हिमाचल** प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार सिरमौर जिले के पच्छाद उपमंडल के कोटला बड़ोग में राज्य स्तरीय आदर्श नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र स्थापित किया जाएगा।

सुक्खू ने कहा कि यह नशा मुक्ति केंद्र मादक पदार्थों की लत से जूझ रहे लोगों की सहायता करेगा और उन्हें नशीली दवाओं पर अपनी निर्भरता से उबरने तथा आत्मनिर्भरता के साथ समाज में फिर से एक खुशहाल एवं स्वस्थ जीवन जीने में मदद करेगा। मुख्यमंत्री ने नशे से निपटने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर बल देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को मादक पदार्थों के खतरे के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं जिसका उद्देश्य उन्हें नशे की लत से बचाना है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में युवाओं को नशे से दूर रखना सबसे बड़ी



चुनौती है। उन्होंने कहा कि समाज को भी नशे की लत से जूझ रहे लोगों का मनोबल बढ़ाना चाहिए, ताकि वे दृढ़ इच्छाशक्ति से मादक पदार्थों का सेवन छोड़ सकें। सुक्खू ने कहा कि नशा मुक्ति केंद्र ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सिंथेटिक मादक पदार्थों के सेवन को खत्म करने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केंद्र का उद्देश्य एक ही परिसर में सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करके इस संकट से उत्पन्न गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य मुद्दों से निपटना है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केंद्र में कमरे, शौचालय, भोजन की व्यवस्था, मनोरंजन स्थल, पुस्तकालय, व्यायामशाला और खेल, ध्यान और योग की मूलभूत सुविधाएं भी दी जाएंगी।

### नाहन में बारिश का कहर, फटा बादल

**नाहन :** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर के नाहन विकास खंड में शनिवार रात की मूसलाधार बारिश ने जमकर कहर बरपाया है। सलाणी कटोला के पंचायत के पूर्व उपप्रधान पंकज की 12 बीघा धान की फसल जलमग्न हो गई। फसल को तबाह होते देख उनकी आंखों में आंसू आ गए। सलाणी नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद स्थानीय युवाओं ने सराहनीय कार्य किया। संदीप, हर्ष नीरज व चुन्नू ने जल स्तर बढ़ते ही मोर्चा संभाल लिया ताकि सलाणी पूल पर भारी वाहनों को संचालित किया जा सके। बनकला पंचायत में मारकंडा नदी के किनारे हाल ही में निर्मित हनुमान मंदिर में देखते देखते जल समाधि ले ली। ढिमकी मंदिर में स्वामी जी सहित कुल पांच लोग मौजूद थे, लेकिन मंदिर सुरक्षित रहा।

### आईयूएमएल नेता कुट्टी अहमद का निधन

**मलप्पुरम :** केरल के पूर्व स्थानीय स्वशासन मंत्री एवं इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के राज्य नेता कुट्टी अहमद कुट्टी का वृद्धावस्था संबंधी बीमारी के कारण रविवार को तनूर स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। कुट्टी 71 वर्ष के थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी जहांआरा और तीन बच्चे- सुहाना, सुहास अहमद और सहबास अहमद हैं। पूर्व मंत्री को देर शाम तनूर जुमा मस्जिद में सुपुर्द ए खाक किया जायेगा। वह 1992 के उपचुनाव में तनूर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए और बाद में 1996 और 2001 में लगातार तिरुरंगडी विधानसभा क्षेत्र से चुने गए।



### सुपौल में 10 किलोग्राम गांजा बरामद

**सुपौल :** बिहार के सुपौल जिले से सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने 10 किलोग्राम गांजा बरामद किया। एसएसबी 45वीं बटालियन के कमांडेंट, गौरव सिंह ने रविवार को यहां बताया कि सूचना मिली थी कि रिफ्यूजी कॉलोनी के बैनालीपट्टी गांव से तस्कर गांजा लेकर सीमा स्तम्भ संख्या 200,201 से होकर जाने वाले हैं। इस सूचना के आधार पर सहायक उप-निरीक्षक जौगल किशोर के नेतृत्व में 05 अन्य लोगों का दल बनाया गया।नाका दल ने उक्त सीमा स्तम्भ संख्या के समीप नाकेबंदी की। इस दौरान देखा गया कि एक व्यक्ति अकेले सामान लादे नेपाल से भारतीय सीमा क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है। उक्त व्यक्ति नाका क्षेत्र के परिधि में पहुंचा तो एसएसबी के जवानों को देखकर बोरी छोड़कर फरार हो गया।




आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के छात्र और डॉक्टर रविवार को कोलकाता में बलात्कार और हत्या के मुद्दे पर न्यायिक जांच, पीड़िता के लिए न्याय और दोषियों को कड़ी सजा की मांग करते हुए प्रदर्शन (विरोध) पर बैठे।

# राजस्थान को बनायेंगे ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर

### परिवर्तित राज्य बजट 2024-25 विकसित राजस्थान की धुरी: सीएम

● जयपुर, ....

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों की आकांक्षाओं के अनुरूप विकसित राजस्थान के संकल्प के साथ बिजली और पानी के लिए प्राथमिकता से काम कर रही है और राज्य को वर्ष 2027 तक ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया हैं।

शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर भीलवाड़ा नगर परिषद को नगर निगम में क्रमोन्नत करने सहित भीलवाड़ा और जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र से संबंधित बजट घोषणाओं के लिए आयोजित आभार सभा



को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परिवर्तित राज्य बजट 2024-25 विकसित राजस्थान की धुरी हैं। इसमें प्रदेशवासियों से प्राप्त विभिन्न सुझावों को शामिल करते हुए राज्य के विकास का रोडमैप तैयार किया गया है तथा हर क्षेत्र और हर वर्ग को सौगातें दी गई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए बिजली और पानी सबसे महत्वपूर्ण आवशयकताएं होती है। इसलिए हमारी सरकार इन क्षेत्रों के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नवीकरणीय ऊर्जा को बढावा देने एवं ऊर्जा उत्पादक इकाइयां स्थापित करने के लिए विभिन्न एमओयू किये गये हैं। हमारा लक्ष्य वर्ष 2027 तक राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को शुद्ध पेयजल एवं सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार पूर्वी राजस्थान के लिए ईआरसीपी के साथ ही शेखावाटी के लिए यमुना जल समझौता तथा दक्षिण राजस्थान के जिलों के लिए देवास परियोजना का धरातल पर क्रियान्यवन कर रही है। उन्होंने कहा कि बिजली-पानी की पर्याप्त उपलब्धता से राज्य में कृषि, उद्योग एवं पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

# ईरान की सरकार ने हैक की हमारी वेबसाइट: डोनाल्ड ट्रंप

## उपराष्ट्रपति उम्मीदवार वेंस से जुड़ी जानकारियां चुराई, राष्ट्रपति चुनाव में साजिश का लगाया आरोप

● नई दिल्ली, एजेंसी

**पूर्व** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कैंपेन (चुनावी टीम) ने दावा किया है कि उनकी अंदरूनी बातचीत, प्लानिंग से जुड़ी जानकारियां और दस्तावेजों को हैक किया गया है। कैंपेन के मुताबिक हैंकिंग की इस घटना को ईरानी हैकर्स ने अंजाम दिया है।

**अमेरिकी न्यूज वेबसाइट ने शनिवार को बताया कि उसे ट्रम्प के प्रचार कार्यक्रम से जुड़े निजी दस्तावेज ईमेल के जरिए भेजे गए हैं। इनमें रिपब्लिकन पार्टी के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार वेंस के बारे में की गई पार्टी की रिसर्च से जुड़ी हुई जानकारियां भी शामिल हैं। वेबसाइट ने इन दस्तावेजों को वेरीफाई करने का दावा किया है।**

अमेरिकी न्यूज वेबसाइट ने शनिवार को बताया कि उसे ट्रम्प के प्रचार कार्यक्रम से जुड़े निजी दस्तावेज ईमेल के जरिए भेजे गए हैं। इनमें रिपब्लिकन पार्टी के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार वेंस के बारे में की गई पार्टी की रिसर्च से जुड़ी हुई जानकारियां भी शामिल हैं। न्यूज बेवसाइट को ट्रम्प के कैंपेन से जुड़े एक प्रवक्ता ने बताया कि इन दस्तावेजों को अमेरिका के दुश्मन देश ने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने के मकसद से चुराया है। न्यूज वेबसाइट ने इन दस्तावेजों को वेरीफाई करने का दावा किया है। डोनाल्ड ट्रम्प की पार्टी से प्रवक्ता जुड़े स्टीवन चेयुंग ने कहा कि ईरान ट्रम्प को दोबारा राष्ट्रपति बनने से रोकना चाहता है। स्टीवन के मुताबिक अगर ट्रम्प सत्ता में वापस आते हैं तो ईरान की आतंकी गतिविधियों पर रोक लगा देंगे, जैसे उन्होंने पिछले कार्यकाल में किया था। स्टीवन ने कहा कि हैंकिंग की टाइमिंग, रिपब्लिकन पार्टी के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार जेडी वैंस के सिलेक्शन से जुड़ी हुई है। न्यूज वेबसाइट पॉलिटिको के ने बताया कि उसे 22 जुलाई को एक मेल मिला था।



इस मेल में 271 पन्नों के दस्तावेज में वेंस से जुड़ी जानकारियां भेजी गईं थी।ट्रम्प के कैंपेन के बयान से एक दिन पहले यानी शुक्रवार को सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने एक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट में दावा किया गया था कि जून के महीने में ट्रम्प के चुनावी अभियान को ईरानी हैकरों ने निशाना बनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक हैकरों ने रिपब्लिकन पार्टी से जुड़े एक राष्ट्रपति उम्मीदवार को निशाना बनाया था। माइक्रोसॉफ्ट के थ्रेट एनालिसिस सेंटर ने बताया कि ट्रम्प के कैंपेन को एक फिंशिग ईमेल भेजा गया था। सेंटर के मुताबिक पिछले कुछ महीनों में ईरानी हैकर्स की तरफ से किए जाने वाले हैकिंग अटैक की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। माइक्रोसॉफ्ट ने इसी तरह की एक रिपोर्ट 2020 में भी जारी की थी। इसमें कहा गया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प के कैंपेन को प्रभावित करने के लिए ईरानी हैकरों की तरफ से साजिश रची गई।

# बांग्लादेशी हिन्दुओं पर विपक्षी चुप्पी

बांग्लादेश में हो रही व्यापक हिंसा पर दुनिया के तमाम नेता चिंता व्यक्त कर रहे हैं लेकिन छोटी-छोटी घटना को बड़ा बनाकर प्रस्तुत करने में माहिर हमारे भारत के विपक्षी नेताओं का बांग्लोदश में जारी हिंसा को लेकर अब तक कोई बयान नहीं आया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित इंडिया गठबंधन के किसी भी नेता ने बांग्लादेश में हो रही घटनाओं की न तो आलोचना की है और न ही किसी तरह का विरोध जताया है जबकि अमेरिकी संसद में बांग्लादेश की हिंसा को लेकर चिंता व्यक्त की गई। सांसद रिच मैककॉर्मिक, भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद आर खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति ने हिन्दुओं पर हिंसा की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि वे बांग्लादेश में जारी सांप्रदायिक हिंसा की खबरों से परेशान हैं। वहां अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। बांग्लादेश में शेख हसीना के इस्तीफे और देश छोड़कर जाने के बाद वहां के अल्पसंख्यक हिन्दू उन्मादी भीड़ का शिकार बन रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख को सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई देते हुए कहा कि बांग्लादेश में जो हिन्दू व अल्पसंख्यक हैं उनकी सुरक्षा और विकास सुनिश्चित किया जाए। केन्द्र सरकार ने कूटनीतिक तरीके से ही सही बांग्लादेश को संदेश दे दिया कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की जानी चाहिए। इसलिए ये भी नहीं कहा जा सकता कि इस मुद्दे पर भारत सरकार का रुख अलग है। इस कारण विपक्षी नेता कोई बयान नहीं दे रहे हैं। हमारे भारत में विपक्ष के नेता गाजा में इजराइली हमले पर तो खूब बोलते हैं लेकिन बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अन्याय-अत्याचार के मामले में चुप हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस को बधाई दी लेकिन अपने बधाई संदेश में बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रहे अत्याचार पर कुछ भी नहीं कहा। इसको लेकर भाजपा राहुल गांधी और कांग्रेस पर हमलावर है। शुक्रवार को लोकसभा में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार प्रमुख को बधाई देते समय हिन्दुओं की सुरक्षा को लेकर कोई जिक्र नहीं किया। उन्होंने सवाल किया कि ऐसी कौन सी मजबूरी है कि कांग्रेस नेता हिन्दुओं की सुरक्षा की बात नहीं कर सकते जबकि गाजा पर हमले को लेकर कांग्रेस नेताओं ने बड़ी-बड़ी बातें की थीं। हर चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी का सॉफ्ट हिन्दुत्व चर्चा में रहता है। चुनाव के दौरान वे मंदिरों में भी जाते हैं। राहुल गांधी उन विपक्षी नेताओं में से हैं जो देश-विदेश के सभी मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं लेकिन बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हिंसा के मामले में उनके मौन से साफ है कि उन्हें हिन्दू समाज की कोई चिंता नहीं है। दुनिया में जहां कहीं भी किसी समुदाय विशेष पर धर्म या जातिगत आधार पर हिंसा होती है तो भारत अपनी परंपरा के मुताबिक इसकी निंदा करता है। बात चाहे गाजा-इजरायल की हो, कुर्दों की हो या फिर मणिपुर की। सभी राजनीतिक दल हिंसा की निंदा करते हैं लेकिन बंग्लादेश में हिन्दुओं के विरुद्ध हिंसा पर मौन रहने से भारत के तथाकथित धर्मनिरपेक्ष विपक्षी दल सवालों के घेरे में हैं।

## संतवाणी



अप्रमाद ही अमृत पद है। अप्रमाद अर्थात् आलस्य न करना ही उन्नति के इच्छुक के लिए श्रेष्ठ है। आलस्य करने से बड़े से बड़े शक्तिशाली व्यक्ति, सम्पन्न व्यापारी, समृद्ध देश, समुन्नत जातियां विनष्ट हो जाती हैं। कारण, आलस्य से मनुष्य का मन, बुद्धि और शरीर तीनों ही दुर्बल बन जाते हैं और उच्च शक्तियां पंगु हो जाती हैं। -अवधेशानंदजी गिरि, जूनापीठाधीश्वर

इंडिया गेट से

# राजनीतिक दलों का दायित्वबोध लोकतंत्र का अमृत



शाहीन सबा

अठारहवीं लोकसभा के दो सत्र बीत चुके हैं। विपक्ष चुनाव नतीजों से इतना उत्साहित है कि वह सामान्य नहीं हो पा रहा है। जिस कारण संसद सुचारू ढंग से काम करना शुरू नहीं कर पा रही। दस साल बाद राहुल गांधी के रूप में लोकसभा को विपक्ष का नेता मिला है। विपक्ष के नेता को संसदीय परंपराओं के अनुसार जनादेश को स्वीकार करते हुए सौहार्द्रपूर्ण शुरुआत करनी चाहिए थी, लेकिन पहले ही सत्र में उन्होंने टकराव से शुरुआत की। उनकी सबसे बड़ी गलती यह है कि वह जनादेश को अपने पक्ष में मान कर चल रहे हैं। यह ठीक है कि देश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को झटका दिया है, लेकिन मजबूत विपक्ष के साथ अभी भी उसे ही सत्ता सौंपी है। विपक्ष ने पिछले दो सत्रों में जिस तरह का आचरण किया, उससे लगता है कि अठाहरवीं लोकसभा के आने वाले तेरह सत्र भी टकराव वाले रहेंगे। संसद का मूल कार्य बिलों को व्यापक विचार विमर्श के बाद पास करना, सांसदों की और से जनता से जुड़े मुद्दे उठाना और सवाल पूछना है, ताकि उन समस्याओं का निदान हो सके। विपक्ष का रवैया अगर ऐसा ही रहा, तो संसद किसी भी बिल पर व्यापक विचार विमर्श नहीं कर सकेगी और सारे बिल हंगामें में ही पास होंगे।दूसरी तरफ मोदी सरकार संने सद का सम्मान करते हुए वक्फ बिल को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज कर अपनी नियत साफ़ की है कि वह बहुमत के बूते पर बिल को जल्दबाजी में पास नहीं करवाएगी।

विपक्ष बात बात पर सिर्फ सरकार से ही नहीं उलझ रहा, बल्कि दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों के साथ भी उलझ रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने स्पीकर ओम बिरला को बार-बार कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की। यह कहकर उन्हें लान्छिंत किया कि जब वह बोलने के लिए खड़े होते हैं, तो माईक बंद कर दिया जाता है और संसद टीवी के कैमरे का एंगल उनके चेहरे से हटा लिया जाता है। सत्रहवीं लोकसभा में भी उन्होंने स्पीकर ओम बिरला पर इसी तरह के आरोप लगाकर अंतर्राष्ट्रीय सुर्खियां बटोरी थीं। लोकसभा में विपक्ष में मजबूत हो जाने के बाद राज्यसभा में भी सभापति के साथ विपक्ष का टकराव बढ़ गया है। जिस तरह लोकसभा में राहुल गांधी और अखिलेश यादव स्पीकर ओम बिरला पर हमलावर रूख अपना रहे हैं, ठीक उसी तरह राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे, जयराम रमेश, डेरेक ओब्रियन और जया बच्चन सभापति जगदीप धनखड़ पर हमलावर हो रहे हैं। मानसून सत्र के आखिरी दिन राज्यसभा में तो अगले सत्र के लिए भी बाकायदा जंग का ऐलान हो गया है। जया बच्चन ने सभापति पर अमर्यादित टिप्पणियां की तो चेयरपर्सन धनखड़ ने भी उन्हें उसी भाषा में जवाब दिया। सदन में मर्यादित भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए। अगर आप किसी पर व्यक्तिगत हमले करेंगे, तो स्वाभाविक है कि आप पर भी व्यक्तिगत हमले होंगे।

दोनों ही सदनों में देखा गया कि विपक्ष ने मर्यादाओं को ताक पर रख कर बे-सिर-पैर के बेबुनियाद आरोप लगाए, जब उन्हें अपने आरोपों को प्रमाणित करने की चुनौती दी गई, तो उनके पास कोई प्रमाण नहीं था। संसद के सदन को पब्लिक मीटिंग समझ कर बेबुनियाद भाषण नहीं दिया जा सकता। सत्ताधारी पक्ष को भी समझ आ गया कि अगर विपक्ष के नेता सदन में अमर्यादित व्यवहार करना बंद नहीं करेंगे, तो उनको उन्हीं की भाषा में जवाब देना ही एकमात्र उपाय है। इसलिए अनुराग ठाकुर और निशिकांत दुबे के राहुल गांधी पर किए गए हमलों की खूब चर्चा हुई। अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी की जाति पर सवाल उठाकर उन पर व्यक्तिगत हमला किया। कांग्रेस को यह सोचना चाहिए कि अनुराग ठाकुर को यह सवाल उठाने की जरूरत क्यों पड़ी। राहुल गांधी ने चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जाति पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा कि वह ओबीसी नहीं हैं। उन्होंने यह सरासर झूठ बोला, क्योंकि 1994 में खुद गुजरात की कांग्रेस सरकार ने ही मोदी जाति ओबीसी में शामिल किया था। केंद्र सरकार ने भी 2000 में मोदी जाति को ओबीसी में शामिल कर लिया था। राहुल गांधी ने जब खुद को दत्तात्रेय ब्राह्मण कहा था, तब भी उन्होंने झूठ बोला था। क्योंकि हिन्दुओं में गौत्र और परिवार पिता और पति से चलता है। राहुल गांधी के दादा फिरोज गांधी पारसी थे, उस हिसाब से उनके पिता राजीव गांधी भी पारसी हुए, उनकी मां सोनिया गांधी ईसाई हैं। पारसी पिता और ईसाई मां का बेटा हिन्दू ही कैसे हो सकता है, ब्राह्मण और दत्तात्रेय गौत्र होने का तो सवाल ही खड़ा नहीं होता। ऐसा कोई प्रमाण नहीं है कि राजीव गांधी धर्म परिवर्तन करके हिन्दू बने थे। राहुल गांधी ने खुद सोमनाथ मन्दिर की पुस्तिका में खुद को अहिंदू लिखा था, फिर उनका दत्तात्रेय गौत्र कैसे हो सकता है। अगर राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जाति पर सवाल नहीं उठाते, तो उनके धर्म और जाति के गढ़े मुर्दे नहीं उखाड़े जाते। इस घटनाक्रम से साबित हुआ कि राहुल गांधी खुद के बारे में भी भ्रामक जानकारी देते हैं, और दूसरों के बारे में भी भ्रामक प्रचार करते हैं। अब तक यह सवाल नहीं पूछा जाता था, लेकिन अब यह सवाल चौक चौराहे पर पूछा जा रहा है कि राहुल गांधी का धर्म क्या है। राज्यसभा में जयराम रमेश कई बार सभापति जगदीप धनखड़ की खिल्ली उड़ाते देखे गए, तो सभापति ने भी उन्हें कई बार खरी खोटी सुनाई। पिछले कुछ सालों से देखा गया है कि सपा सांसद जया बच्चन हर किसी से उलझ जाती हैं। सिर्फसदन के भीतर ही नहीं, सदन से बाहर भी उनका गुस्सा देखा गया है। एक बार तो अमिताभ बच्चन को उनके व्यवहार के लिए माफी मांगनी पड़ी थी। एक बार अपनी बहू ऐश्वर्या राय को लेकर पैपराजी पर भड़क गई थीं। वह अपने फेंस पर भी भड़क जाती हैं, एक बार उनका एक फेन फोटो खींच रहा था, तो जया बच्चन ने कहा कि वह किस की इजाजत से फोटो खींच रहा है, थोड़ी तमीज सीखो। एक बार तो एक फोटोग्राफर को उन्होंने जंगली कह दिया था। तब अभिषेक बच्चन ने अपनी मां को शांत कराया था। ऐसे दर्जनों किस्से हैं, जब वह खुद को दूसरों से सुपीरियर दिखाने की कोशिश करती हैं। ठीक वैसा ही उन्होंने राज्यसभा में सभापति के साथ किया। बात यहां से शुरू हुई कि सभापति ने जया बच्चन को जया अमिताभ बच्चन कह कर संबोधित किया था। जिस पर वह भड़क गई, जबकि सदन के रिकार्ड में उनका नाम जया अमिताभ बच्चन ही है। उनके भड़कने का कोई कारण नहीं था। यह किस्सा दो दिन तक तो चलता रहा, लेकिन सत्र के आखिरी दिन सभापति की विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से नोंकझोंक के बीच जैसे ही जया बच्चन को प्रश्न पूछने के लिए पुकारा गया उन्होंने सभापति पर तंज कसते हुए कहा कि वह एक एक्टर हैं और बाडी लेंग्वेज और एक्सप्रेशन को समझती हैं। इतना ही नहीं आगे कहा कि सर मुझे माफ कीजिएगा, मगर आपका टोन और बाडी लेंग्वेज ठीक नहीं है। स्वाभाविक है सदन के सभापति पर यह टिप्पणी पूरी तरह अमर्यादित थी, जिस पर सभापति धनखड़ भड़क गए। धनखड़ उन्हें दो दिन से समझा रहे थे कि वह सदन के रिकार्ड में अपना नाम बदलवा सकती हैं। जया बच्चन को इस बात का घमंड है कि वह सेलिब्रिटी हैं और पांचवीं बार की सांसद है। तो उन्हें छठी बार से सांसद शिवराजसिंह चौहान और सातवीं बार के सांसद पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने भी सबक सिखाया कि वह मर्यादा भूल गई हैं।

दूसरी तरफ इंडी एलायंस जया बच्चन के साथ खड़ा हो गया है। विपक्ष और सभापति दोनों तरफ से तलवारें म्यानों से बाहर निकल आई है, विपक्ष ने सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का मन बना लिया है। राज्यसभा के 50 सांसदों ने उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर दस्तखत कर दिए हैं। लेकिन जगदीप धनखड़ देश के उपराष्ट्रपति होने के कारण राज्यसभा के सभापति हैं। संविधान के अनुच्छेद 67 (बी) के अनुसार उपराष्ट्रपति को राज्यसभा की प्रभावी संख्या के बहुमत और लोकसभा के बहुमत वोट से हटाया जा सकता है। राज्यसभा में प्रस्ताव पास हो भी जाए तो भी उसे लोकसभा से भी पास करवाना होगा। इसलिए उपराष्ट्रपति को हटाया जाना असंभव है, लेकिन अगर विपक्ष उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाता है, और राज्यसभा में वोटिंग करवाता है, तो यह तय है कि विपक्ष का सभापति के साथ टकराव स्थायी हो जाएगा। भले ही राज्यसभा में एनडीए के पास बहुमत नहीं है, लेकिन विपक्ष राज्यसभा में भी प्रस्ताव पास नहीं करवा सकता। इस समय राज्यसभा की 20 सीटें खाली हैं, 225 के प्रभावी सदन में एनडीए के 110 और इंडी एलायंस के 87 सदस्य हैं। 28 सदस्य तटस्थ हैं,जिनमें से बीआरएस के चार और वाईएसआर कांग्रेस के ग्यारह सांसदों ने न सिर्फ विपक्ष के साथ वाक्आउट नहीं किया, बल्कि जया बच्चन के खिलाफ निंदा प्रस्ताव का समर्थन किया।

विदेशी अखबारों के झरोखे से

# हिंदुओं के दमन पर सेकुलरी जमात चुप क्यों?



डॉ. सुब्रतो गुहा

**हिन्दू उत्पीड़न पर सेकुलर मौन :** राजधानी ढाका के शाहबाग क्षेत्र में नागरिकों ने एक रैली आयोजित कर अल्पसंख्यक हिन्दुओं के जान-माल पर हो रहे निरंतर निर्मम हमलों का विरोध करते हुए उन्हें समूचित सुरक्षा देने की मांग की। रैली का मुख्य आयोजनकर्ता बांग्लादेश हिन्दू जागरण मंच। रैली में मुख्यतः बांग्लादेश के विभिन्न हिस्सों में हिन्दू घरों व दुकानों में आगजनी, हत्या, बलात्कार, लूट इत्यादि घटनाओं की तीव्र निंदा की गई। **-ढाका ट्रिब्यून,** बांग्लादेश

(**टिप्पणी-** गांधीजी के तीन बंदरों का संदेश है बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो, बुरा मत कहो। अभी समूचे बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों के मकानों, दुकानों, मंदिरों में आगजनी, निर्मम हत्याएं, महिलाओं एवं छोटी बच्चियों तक से सामूहिक बलात्कार, तोड़-फोड़, लूट जैसी सैकड़ों-हजारों घटनाएं 5 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद के तख्तापलट के बाद से हुए है और निरंतर किए जा रहे हैं, मुस्लिम कट्टरपंथियों के द्वारा। भारत के स्वघोषित सेकुलर झंडाबरदार एवं सेकुलर मीडिया की भी यही तीव्र प्रतिक्रिया आई है। शायद इन सभी ने ठान लिया है कि टेलीविजन परदे पर हिन्दुओं पर अत्याचार के वीडियो नहीं देखेंगे, क्योंकि वह देखना बुरा है, बुरा मत सुनो, इसलिए पीड़ित हिन्दू नर-नारियों के करुण-क्रन्दन एवं हाहाकार की ध्वनि नहीं सुनेंगे और फिर हिन्दुओं के पक्ष में सहानुभूति दिखाना या कुछ कहना बुरा है। अतः बुरा नहीं कहेंगे, ऐसा क्यों? ऐसा इसलिए कि इनके दिल केवल मुस्लिमों के लिए धड़कते हैं और मुस्लिम कभी अत्याचारी हो नहीं सकता, हमेशा अत्याचार पीड़ित ही होता है।)

**हिन्दू शब्द की कर्कश ध्वनि :** भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बांग्लादेश के तात्कालिक सरकार प्रमुख मुहम्मद यूनुस को बधाई देते हुए ट्वीट किया- डॉ. यूनुस को नवीन दायित्व ग्रहण करने पर मेरी शुभकामनाएं तथा हमें आशा है कि बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों को सुरक्षा दी जाएगी और शीघ्र ही सामान्य स्थिति समाज में बहाल होगी। शांति सुरक्षा तथा विकास हेतु दोनों देशों के नागरिकों की इच्छा पूर्ति हेतु भारत-बांग्लादेश से सहयोग हेतु तैयार है।

**- दैनिक जनकंठ ढाका,** बांग्लादेश

(**टिप्पणी-** प्रधानमंत्री मोदी का उपरोक्त बयान प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में आते ही भारत के स्वघोषित सेकुलर नेताओं ने विरोध के स्वर मुखरित किए। डी.एम.के., आर.एस.पी., कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी जैसे इंडी गठबंधन के अनेक जाने-माने नेताओं ने बयान दिया कि प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश के वर्तमान शासक मोहम्मद यूनुस को भेजे संदेश में हिन्दुओं की सुरक्षा का विषय उठाकर घोर सांप्रदायिक एवं निंदनीय कार्य किया है- मोदीजी को हिन्दू शब्द का उपयोग नहीं करते हुए सभी नागरिक की सुरक्षा का उल्लेख करना था। हिन्दू धर्म, संस्कृति, परंपरा, हिन्दू नर-नारियों से घृणा करते-करते हमारी सेकुलर जमात को हिन्दू शब्द से भी नफरत हो गई है, क्योंकि गलती हिन्दुओं की ही है, मुस्लिम नामों के उच्चारण से सुमधुर सेकुलर ध्वनि निकलती है, परन्तु हिन्दू नामों के उच्चारण से कर्कश सांप्रदायिक ध्वनि निकलती है। अब समग्र हिन्दू समाज के लिए सोचने की घड़ी है कि जिन सेकुलर झंडाबरदारों को हिन्दुओं के दुख दर्द या पीड़ा नहीं दिखते, अत्याचार पीड़ित, हिन्दू नर-नारियों के हा-हाकार के स्वर सुनाई नहीं देते, वे संकट की घड़ी में हिन्दू समाज के हितों के रक्षक कैसे बन सकते हैं? जब जागो, तब सवेरा।

**चोर की दाढ़ी में तिनक :** पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय प्रवक्ता ने एक प्रेसवार्ता में भारतीय मीडिया में चल रहे उन कयासों को मनगढ़त एवं झूठा घोषित किया, जिसके अनुसार पिछले सप्ताह बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद को तख्ता पलट द्वारा सत्ता से बेदखल करने में पाकिस्तानी गुप्तचर संस्था आईएसआई का हाथ होने संबंधी बात कही जा रही थी। विदेश मंत्रालय प्रवक्ता ने कहा कि प्रत्येक नकारात्मक घटना के पीछे पाकिस्तानी हाथ देखना भारत की पुरानी आदत है। **- द डान,** कराची, पाकिस्तान

(**टिप्पणी-** दिनांक 16 दिसंबर 1971 को भारतीय सेना के समक्ष पाकिस्तानी सेना की पराजय एवं समर्पण के साथ ही पूर्वी पाकिस्तान एक नया देश बना बांग्लादेश, जो घोषित रूप से पाकिस्तान के कट्टरपंथी इस्लामी नीतियों एवं अल्पसंख्यक हिन्दू दमन की नीतियों से मुक्त होना अपेक्षित था। दिनांक 5 अगस्त 2024 को प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद के तख्तापलट के साथ ही बांग्लादेश बन गया पूर्वी पाकिस्तान अंसार एवं रजाकार के वही सब अत्याचार आगजनी, हिन्दू नर-नारी व शिशुओं की निर्मम हत्याएं हिन्दू महिलाओं एवं छोटी बच्चियों को घरों में बलपूर्वक अगवा कर सामूहिक बलात्कार उपरांत काटकर फेंक देना, बदहवास हिन्दुओं का शरणार्थी के रूप में भारत की ओर पलायन करना। यक्ष प्रश्न तो यही है कि क्या भारतीय सेना का 1971 का पूर्वी पाकिस्तान के विरुद्ध सैन्य अभियान पुनः आज नए पूर्वी पाकिस्तान के विरुद्ध दोहराने का समय आ गया है।) **(लेखक अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक हैं)**

12 अगस्त : अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर विशेष

# नए कीर्तिमान रचते भारत के युवा



सुरेश सिंह बैस



युवावस्था जीवन की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है। इस अवस्था में व्यक्ति, सामर्थ्यवान शक्तिशाली, चैतन्यवान, स्फूर्तिवान व अनेक गुणों से लबालब होता है, इस युवावस्था के ढलान के बाद इन गुणों में क्रमशः कमी आती जाती है। वैसे देखा जाए तो भारतीय युवक दुनिया के अन्य देशों की अपेक्षा अधिक संयत और समझदार पाए गए हैं। पश्चिमी दुनिया के युवक नशों के शिकंजे में अपने आपको जकड़ चुके हैं। वहीं वे मानव सभ्यता के विकास और सामाजिक जीवन की मर्यादाओं पर जरा भी विश्वास नहीं करते। उनका कहना है कि मानव समाज का संगठन प्रारंभ से ही कुछ गलत धारणाओं के आधार पर किया गया है। हमारे देश में इस समय युवा वर्ग की कुल जनसंख्या लगभग चालीस करोड़ के आसपास है, पर वह इतनी बड़ी शक्ति , संगठन के अभाव में बिखरी पड़ी है। युवा वर्ग की ऐसी कोई संस्था नहीं है जो इस शक्ति का प्रतिनिधित्व कर सके। देश के विभिन्न राजनैतिक दल अपनी-अपनी विचारधारा के अनुसार इसे संगठित करने का प्रयत्न करते हैं। फिर उनका उपयोग अपने ही उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रायः करने लग जाते हैं। भारतीय युवकों के सामने आज सबसे बड़ी समस्या अपने विचारों की दृढ़ता और नैतिकता को कायम रखने की है। हमारा देश आज राजकीय पूंजीवाद एकाधिकार तथा निजी पूंजीवाद एकाधिकार के कठिन संघर्ष के बीच से गुजर रहा है। दोनों ही अपने अपने तरीके से युवा वर्ग को आकर्षित करके पथभ्रष्ट करने का प्रयत्न कर रहे हैं। बाहरी तौर पर युवा वर्ग को नीति न्याय और सिद्धांत की बहुत सी बातें बताई जाती है। समाजवाद, जनतंत्र और धर्म निरपेक्षता के ऊंचे आदर्श उनके सामने रखे जाते हैं, किंतु युवाओं के सामने जब उन आदर्शों का हनन होता है तब युवा आक्रोश जाग उठता है। अध्यापक अभिभावक और सामाजिक नेता छात्रो को प्रत्यक्ष रूप में कुछ सीख देते हैं, पर ठीक उसके विपरीत आचरण करने के लिय अप्रत्यक्ष रूप से प्रेरित करते हैं। युवक अपने स्वभाव से सच्चा ईमानदार और नैतिकता को आचरण पसंद करने वाला होता है। भ्रष्ट समाज का अनुभव उसे यह सिखाता है कि स्वयं भ्रष्ट हुए बिना वह समाज में अपने वजूद को भी कायम नहीं रख सकता। अतः आज आवश्यकता इस बात की है कि युवकों को दी जाने वाली शिक्षा जीवन के लिए उपयोगी बनाई जाए और युवा शक्ति को रचनात्मक दिशा देने का प्रयास किया जाए। उसे किसी भी छुद्र स्वार्थ में ना लपेटा जाए। कहते है जिस प्रकार अग्नि के शांत होते ही उसकी प्रचण्ड लगने वाली ज्वालाएं समाप्त हो जाती है। वैसे भी युवाओं में देश और समाज के लिए कुछ बडा कर जाने की महती इच्छा बलवती होती है, हर युवा चाहता है कि वह राष्ट्र व समाज हित के लिए किसी भी क्षेत्र में बड़ा काम कर सके। और ऐसी भावना के साथ अपनी कोशिशें जारी रखता है। बस जरुरत है उसको इस समय सही सीख देने वालों की सही राह दिखाने वालों की जो उसकी इच्छा और प्रतिभा को पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने में पूर्ण रूप से सहयोगी और सहभागी बने। **(लेखक स्तंभकार हैं)**

पड़ोस

# बांग्लादेश में उभरता इस्लामी अतिवाद



डॉ. चिंतामन मालवीय

सन 1945 में डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की एक पुस्तक प्रकाशित हुई थॉट्स ऑन पाकिस्तान इस पुस्तक में उन्होंने हिंदू-मुस्लिम के बीच ना सुलझने योग्य मुद्दों की बहुत गंभीर विवेचना की। इसी में उन्होंने लिखा कि यदि देश का विभाजन होना अपरिहार्य है तो तबादला ऐ आबादी अत्यावश्यक है यदि आबादी का प्रत्यार्पण नहीं होता है तो अगले 50 वर्षों में फिर वही समस्या उठ खड़ी होगी जो आज( सन 1945 )में है। उनकी दूरदर्शिता और व्यवहारिक समझ का ही उदाहरण है कि आजादी के तुरंत बाद उन्होंने हैदराबाद और पाकिस्तान में रह गए दलितों से आग्रह किया कि वह हिंदुस्तान आ जाए वे मुस्लिम राज्य में अपना सम्मान और अस्तित्व नहीं बचा पाएंगे और यह सच हुआ। नेहरू लियाकत समझौते के बावजूद आज पाकिस्तान में हिंदू समाप्तप्राय हो गया है और यही बात बांग्लादेश में रह गए हिंदुओं के लिए भी उतनी ही सत्य है। बंगाली हिंदू अपने अतीत से नहीं सिखाता वह बार-बार लुटता है पिटता है फिर सब भूलकर काम पर लग जाता है। फिर कोई घटना होती है उसी तरह वह फिर लूटा जाता है पिटा जाता है। महिलाओं का शील भंग होता है और उसका क्रंदन संयुक्त राष्ट्र संघ तक तो ठीक पश्चिम बंगाल तक नहीं पहुंचता। अंग्रेजों के साथ संघर्ष में सबसे ज्यादा क्रांतिकारी जिस धरा पर पैदा हुए हो वह धरती और उस धरती के लोग सदियों से इस्लाम के नाम पर अन्याय क्यों सह रहे हैं यह शोध का विषय है। मुझे लगता है उसका कारण भारतीय या हिंदू पहचान के ऊपर बंगाली पहचान को प्रधानता देना है जबकि बंगाली मुस्लिम ने बंग भंग हो या नोआखाली हत्याकांड आज तक हुई प्रत्येक घटना में बंगाली के बजाय खुद के मुसलमान होने को प्रधानता दी। वृहद बंगाल की मुस्लिम आकांक्षा इसी इस्लामी विस्तारवाद का एक रूप है उदारपंथी और लोकतांत्रिक विचारों वाली शेख हसीना के तख्ता पलट के साथ ही यह बात तय हो गई है कि अब बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कट्टरपंथियों का आतंक अत्याचार और बढ़ेगा। मेरे एक बंगाली मित्र प्रोफेसर जितेंद्रनाथ सरकार ने जो राजशाही यूनिवर्सिटी में दर्शन के प्रोफेसर हैं ने यह कहकर मुझे हैरान कर दिया कि हिंदू व्यवसाय को अपने बड़े प्रतिष्ठान में मुस्लिम को भागीदार रखना आवश्यक है। मुस्लिम भागीदार होने पर ही उसके संस्थान की सलामती संभव है। मुस्लिम बहुसंख्यक राज्य में गैर मुसलमानों के लिए के लिए सबसे बड़ी बाधा ईश निंदा है शेख हसीना के कारण ईश निंदा बांग्लादेश में कानून तो नहीं बन पाया लेकिन भीड़ के अपने कानून है और जब भी मुस्लिम बहु संख्या को कोई बस्ती खाली करवाना होती है या कोई जमीन पर कब्जा करना होता है तो उनके लिए बस यह अफवाह उड़ाना पर्याप्त होता है कि फला व्यक्ति ने रसूल या अल्लाह के बारे में गलत टिप्पणी की है सिर्फ यह अफवाह जमीन खाली करवाने और उस क्षेत्र की पूरी हिंदू आबादी को हटा देने उनका सामान महिलाओं आदि लूट लेने के लिए पर्याप्त है। बांग्ला लेखिका तस्लीमा नसरीन ने बांग्लादेश के हिंदू अल्पसंखकों की पीड़ा पर केंद्रित अपना प्रसिद्ध उपन्यास लज्जा 1993 में प्रकाशित किया लेकिन बांग्लादेश के हालात आज और भी बदतर है। इन्हीं सब कारणों से बांग्लादेश में हिंदू आबादी बहुत तेजी से घट रही है लेकिन विरोधाभास की बात यह है कि भारत में घुसपैठ करने में हिंदू से ज्यादा मुसलमान आगे हैं बांग्लादेशी घुसपैठ के दावे अलग-अलग हैं लेकिन फिर भी अनुमानित 5 करोड़ बांग्लादेशी और रोहिंग्या आज हिंदुस्तान में है। वह हिंदुस्तान की प्रगति में तो बाधक है यहां की राजनीति, डेमोग्राफी, सुरक्षा, रोजगारसृजन, गरीबी उन्मूलन सभी पर अपना बुरा असर डाल रहे हैं और इससे भी आगे बढ़कर कट्टरपंथी मानसिकता के कारण प्रत्येक व्यक्ति जीवित मानव बम है। अपनी इस्लामी चेतना के कारण बंगाली मुसलमान पश्चिम बंगाल को तो खा ही रहे हैं साथ ही बांग्लादेश में भी वह गैर मुसलमानों के पुरुषार्थ और उद्यम पर जीवित हैं । पाकिस्तान में बांग्लादेश से ज्यादा उपजाऊ भूमि और हर तरह के अनुकूलता है बावजूद इसके वह एक असफल देश है और अपना अनाज भी उत्पन्न करने में असमर्थ है बांग्लादेश यदि शेख हसीना के नेतृत्व में प्रगति कर रहा था तो उसका कारण हिंदुस्तान में मुस्लिम घुसपैठ और बांग्लादेश के हिंदुओं का परिश्रम है, यदि हिंदू बांग्लादेश छोड़ देंगे तो बांग्लादेश मध्य युग में से भी पूरी हालत में पहुंच जाएगा। क्योंकि इस्लामी बुनियादी सिद्धांत प्रगति विरोधी हैं वे विज्ञान अनुशासन, नई खोज, कारखाने, परिश्रम, उद्यम, नया ज्ञान, पर्यावरण, लोकतंत्र उदारता, मानवता आदि सभी श्रेष्ठ मूल्यों के खिलाफ है। संघर्ष और हिंसा इस्लाम का अनिवार्य अंग है। जहां गैर मुस्लिम नहीं होंगे वहां भी स्वयं आपस में लड़कर भूमि को रक्त रंजित करेंगे। जिस भी मुस्लिम बहुल देश में गैर मुस्लिम नहीं है और उसके पास सऊदी अरब या ईरान की तरह प्राकृतिक संसाधन भी नहीं है वह देश प्रगति की दौड़ से बाहर होकर मध्य युग में पहुंच जाता है। आज पुनः डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर के संदेश को याद करने की जरूरत है, क्योंकि बांग्लादेश में रह गए 90प्र. लोग अनुसूचित जाति और जनजाति के है, बांग्लादेश में रह गए लोगों को चाहिए कि वह जितना जल्द हो सके बांग्लादेश छोड़ दें क्योंकि आने वाले समय में बांग्लादेश में आइसिस बोकोहरम और तालिबान जैसे कट्टरपंथियों का शासन होगा। बांग्लादेश अब निश्चित बर्बादी की ओर बढ़ चला है। वहां रह गए हिंदुओं के पास अब अपमानित जीवन या धर्मांतरण अथवा पलायन इन तीनों के सिवा चौथा कोई विकल्प नहीं है। संघर्ष और विरोध सामूहिकता में हो सकता है लेकिन उन्हें रहना तो इस धर्मांध आबादी के बीच में ही है। बांग्लादेश में वे फिर उसी तरह धोखे का शिकार हो जाएंगे जो जोगेंद्र नाथ मंडल की बातों में आकर सन 1947 में खाया, अथवा सन 1971 में शेख मुजीबुर रहमान की बातों में आकर फिर भारत ना आने का निर्णय लिया लेकिन मुसलमान लगातार भारत में बंगाल और फिर भारत में इस्लामी करण के उद्देश्य की पोटली साथ लिए भारत में घुसपैठ करते रहे और आज भी कर रहे हैं बंगाली हिंदुओं को सीमा पर बसा कर बंगाल पश्चिम बंगाल में मुस्लिम घुसपैठ की संभावनाओं को खत्म करना चाहिए क्योंकि बांग्लादेश और भारत के बीच ढाई हजार किलोमीटर की एक जैसे भूगोल वाली असुरक्षित सीमा है । **(लेखक पूर्व सांसद एवं मप्र भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष हैं)**

## पदकतालिका

| स्थान देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| 1. चीन | 40 | 27 | 24 | 91 |
| 2. अमेरिका | 38 | 44 | 42 | 124 |
| 3. जापान | 20 | 12 | 13 | 45 |
| 4. ऑस्ट्रेलिया | 18 | 19 | 16 | 53 |
| 5. फ्रांस | 16 | 25 | 22 | 63 |
| 71. भारत | 00 | 01 | 05 | 06 |

## सार संक्षेप

### महिला पहलवान अंशु मलिक स्वदेश लौटी



**नई दिल्ली** : भारतीय महिला पहलवान अंशु मलिक रविवार को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में भाग लेकर स्वदेश लौट आयी। अंशु मलिक के नई दिल्ली में इंदिरा गांधी हवाईअड्डे पहुंचने पर अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। स्टार महिला पहलवान ने पेरिस ओलंपिक खेलों में महिलाओं की फ्रीस्टाइल 57 किलोग्राम वर्ग स्पर्धा में भाग लिया था। 19 वर्षीय भारतीय पहलवान महिलाओं की 57 किग्रा के अपने ओलंपिक पदार्पण मुकाबले में दो बार की विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता बेलारूस की इरीना कुराचकिना से 8-2 से हार का सामना करना पड़ा था।

### उज्बेकिस्तान के जलोलोव ने जीता स्वर्ण पदक

पेरिस : उज्बेकिस्तान के बखोदिर जलोलोव ने पेरिस ओलंपिक में पुरुषों के 92 प्लस किग्रा वर्ग के मुक्केबाजी फाइनल में स्पेन के अयूब गदफा ड्रिसी एल आइसाउई को हराया। रोलैंड-गैरोस स्टेडियम में शनिवार देर रात बखोदिर जलोलोव ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए स्पेन के मुक्केबाज को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बखोदिर जलोलोव का यह ओलंपिक में दूसरा स्वर्ण पदक है। मुकाबला जीतने के बाद जलोलोव ने कहा कि यह उज्बेकिस्तान के लिए इतिहास है और मैं भावुक हूं क्योंकि दो बार ओलंपिक चैंपियन बनना मेरा सपना था। उन्होंने कहा कि अब, मैं बहुत खुश हूं, और मैं एक पेशेवर मुक्केबाज के रूप में अपना करियर जारी रखूंगा।

### विश्व स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि को बढ़ाया

**सोलन** : हिमाचल प्रदेश के मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा कि राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने न केवल विश्व स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि को बढ़ाया है अपितु विभिन्न स्तरों की प्रतिस्पर्धाओं में खिलाड़ियों को दी जानी वाली डाईट मनी में भी वृद्धि की है। अवस्थी रविवार को अर्की विधानसभा क्षेत्र के राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में 14 वर्ष से कम आयुवर्ग की तीन दिवसीय खंड खेल-कूद प्रतियोगिता के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। अवस्थी ने कहा कि खेल व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ राष्ट्र एवं प्रदेश की छवि को सशक्त बनाने का बेहतर माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को बेहतर खेल अधोसंरचना एवं प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। ओलपिक्स खेलों की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर दी जानी वाली पुरस्कार राशि तीन करोड़ से बढ़ाकर पांच करोड़, रजत पदक जीतने पर पुरस्कार राशि दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ तथा कांस्य पदक जीतने पर पुरस्कार राशि को एक करोड़ से बढ़ाकर दो करोड़ किया गया है। उन्होंने कहा कि एशियन खेलों और राष्ट्र मण्डल खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि में भी वृद्धि की गई है।

### पहली ग्रांट से रिपेयर होगा जीएनडीयू का एस्ट्रो टर्फ : औजला

**अमृतसर** : पंजाब के अमृतसर से कांग्रेस सांसद गुरजीत सिह औजला ने रविवार को कहा कि वह पहली ग्रांट आने पर श्री गुरु नानक देव युनिवर्सिटी (जीएनडीयू) में 25 लाख के खर्च से एस्ट्रो टर्फ की मरम्मत कराएंगे और हर साल एक टर्फ बनाया जाएगा ताकि खिलाड़ी मन लगाकर खेल सकें। औजला ने ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर वापिस आयी नैशनल हॉकी टीम का श्री गुरु राम दास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर स्वागत करते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों ने बेहद उत्साह के साथ पंजाब का और देश का नाम ऊंचा किया है। उन्होंने खिलाड़ियों के लिए एक करोड़ की घोषणा होने पर कहा कि पिछली बार कैप्टन अमरिंदर सिंह सरकार में भी पहले विजेता टीम के लिए एक करोड़ की घोषणा की थी लेकिन मैंने खुद जोर देकर उसे दो करोड़ 51 लाख रु कराया था। उन्होंने कहा कि वह खुद खिलाड़ी रहे हैं और जानते हैं कि दिन रात की मेहनत के बाद ही जीत हासिल हो पाती है। औजला ने कहा कि पंजाब में नशे के दरिया को रोकने के लिए खेलों को प्रोमोट करना बेहद जरूरी है। इसीलिए जब हरियाणा खिलाड़ियों को ढाई करोड़ दे रहा है तो पंजाब के खिलाड़ियों को भी ढाई करोड़ मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि यह खिलाड़ी हर किसी के लिए मिसाल के रुप में उभरे है और इन्हें देखकर ही युवकों को प्रेरणा लेनी चाहिए। आने वाली पीढ़ी को खेलों के प्रति रुचि दिखानी चाहिए ताकि वह अपनों का और देश का नाम रोशन कर सकें।

### दीपिका जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल में दिल्ली की कप्तान होगी

**नई दिल्ली** : आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में खेली जाने वाली जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए दिल्ली की दीपिका पाल को कप्तान और तारिणी सिब्बल को उप कप्तान बनाया गया है। दिल्ली सॉकर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने यह जानकारी दी। 22 सदस्यीय टीम के हेड कोच सतीश बग्गा, सहायक कोच राम सिंह भोला, मैनेजर अंजलि और फिजियो अलिना नाज होंगे। अनुज बताया कि महीने भर के शिविर के बाद चुनी गई टीम पूरी तरह फिट है। दिल्ली अपने अभियान की शुरुआत 12 अगस्त को मिजोरम के खिलाफ खेलकर करेगी।



फ्रांस के पेरिस में पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में यूएसए और ब्राजील के बीच फुटबॉल के महिला स्वर्ण पदक मैच के दौरान प्रतिस्पर्धा करती टीम ब्राजील की मार्टा (दाएं) और टीम यूएसए की सोफिया स्मिथ।

# बीस भारतीय एथलीटों को ओलंपिक में ध्वजवाहक बनने का मिला सम्मान

**पेरिस** भारत की ओर से ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय ध्वजवाहक बनने वाले पहले एथलीट पुरमा बनर्जी के बाद अब तक बीस एथलीटों को यह सम्मान मिला है। हॉकी खिलाड़ियों को सबसे अधिक छह बार यह सम्मान हासिल हुआ है।

बेल्जियम के हुये एंटवर्प ओलंपिक 1920 में 400 मीटर धावक पुरमा बनर्जी को पहला भारतीय ध्वजवाहक बनने का सम्मान मिला था। ग्रीष्मकालीन खेलों में एक देश का ध्वजवाहक राष्ट्र के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है और इसे ओलंपिक आदर्शों के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। यह भविष्य के लिए एक प्रेरणा या रोल मॉडल हो सकता है। वर्षों से भारत के लिए ओलंपिक ध्वजवाहक अपने-अपने खेलों के अग्रणी खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने कई बार अपनी उपलब्धियों से देश को गौरवान्वित किया है। उनकी पहचान भारत के महान खिलाड़ियों के रूप में होती है। आजाद भारत में लंदन ओलंपिक 1948 के पहले ध्वजवाहक होने का सम्मान भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के प्रेरणादायक पहले कप्तान डॉ. तालीमरीन एओ को मिला। अब तक बीस भारतीय एथलीट्स को ध्वजवाहक बनने का सम्मान हासिल किया है लेकिन इनमें से केवल आठ ही ऐसे एथलीट्स हैं, जिन्होंने ओलंपिक में पदक जीता। देश के एकमात्र पहले व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा रियो ओलंपिक 2016 में भारत के ध्वजवाहक थे। यह उनका आखिरी ओलंपिक भी था।

# अभिनव बिंद्रा प्रतिष्ठित ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित

● पेरिस,

**अंतरराष्ट्रीय** ओलंपिक परिषद ने दिग्गज भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को 142वें आईओसी सत्र में अहम योगदान के लिए प्रतिष्ठित ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया है।

1975 में स्थापित ओलंपिक ऑर्डर आईओसी द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। शनिवार को पेरिस में आयोजित एक समारोह में अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक ऑर्डर सम्मानित किया गया। इससे पहले वर्ष 1983 में पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भी इससे सम्मानित किया गया था। शुक्रवार को बिंद्रा को आईओसी एथलीट आयोग का दूसरा उपाध्यक्ष भी चुना गया था।

पांच बार के ओलंपियन 41 वर्षीय बिंद्रा ने कहा कि जब मैं छोटा बच्चा था, तो ये ओलंपिक रिंग ही थीं, जिन्होंने मेरे जीवन को अर्थ दिया। और दो दशकों से अधिक समय तक अपने ओलंपिक सपने को पूरा करने में सक्षम होना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। उन्होंने कहा कि अपने एथलेटिक करियर के बाद ओलंपिक मूवमेंट में प्रयास करना और वापस अपना योगदान देना मेरा एक बड़ा जुनून रहा है। यह एक विशेषाधिकार और सम्मान रहा है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार उस जुनून को और अधिक बढ़ावा देता है और मुझे उम्मीद है कि मैं और भी अधिक मेहनत करना जारी रखूंगा और जीवन भर ओलंपिक मूवमेंट में योगदान देता रहूंगा।



उल्लेखनीय एथलीट के रूप में अभिनव बिंद्रा बीजिंग 2008 खेलों में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने। उन्हें एयर राइफल शूटिंग में विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय होने का गौरव भी हासिल किया है। अपने दो दशक लंबे करियर में, बिंद्रा ने 150 से अधिक व्यक्तिगत पदक जीते, और भारत के महान खेल दिग्गजों में से एक के रूप में पहचान बनाई। खेल के प्रति उनकी असाधारण सेवा को तब और मान्यता मिली जब उन्हें 2018 में ब्लू क्रॉस से सम्मानित किया गया, जो अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) का सर्वोच्च सम्मान है। संन्यास के बाद बिंद्रा ने अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन ट्रस्ट की स्थापना की जो एक नॉन प्रॉफिट ऑर्गनाइजेशन है जो अत्याधुनिक स्पोर्ट साइंस टेक्नोलॉजी के माध्यम से भारत में जमीनी स्तर के एथलीटों का समर्थन करने के लिए समर्पित है।

# सांगवान खाप बोली-विनेश फोगाट को मिले भारत रत्न

● पानीपत,



**विनेश** फोगाट के गांव बलाली की सर्वखापों ने रविवार को उनके लिए भारत रत्न की मांग की। उन्होंने मांगें न माने जाने की स्थिति में राष्ट्रव्यापी आंदोलन की भी चेतावनी दी।

विनेश फोगाट के पेरिस ओलंपिक से बाहर होने से उनके बलाली गांव के लोग भी बेहद निराश हैं। रविवार को सांगवान खाप की अगुवाई में चरखी दादरी में सर्वजातीय सर्वखापों की महापंचायत हुई। इसमें पहलवान विनेश फोगाट के पक्ष में कई बड़े फैसले लिए गए। पेरिस ओलंपिक 2024 के फाइनल में पहुंचने के बाद अयोग्य करार दिये जाने से निराश विनेश ने हमेशा के लिए कुश्ती को अलविदा कह दिया है। सर्वखापों की महापंचायत में पंचों ने कहा कि विनेश फोगाट के साथ अन्याय हुआ है। हमारी सरकार से मांग है कि सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा जज से मामले की जांच कराई जाए। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करके हमारी बेटी को न्याय दिलाया जाए। केंद्र और राज्य सरकार विनेश को सारी सुविधाएं प्रदान करवाए। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर भारत की तमाम खापें इकट्ठा होकर विनेश फोगाट को गोल्ड मेडल से सम्मानित करेंगी। यह स्वर्ण पदक ओलंपिक में दिए जाने वाले गोल्ड मेडल जैसा ही होगा। सभी खापों ने फैसला लिया है कि जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा। हम देश की राष्ट्रपति से अपने बेटी के लिए न्याय की गुहार लगाएंगे। पंचों ने सरकार से अनुरोध किया है कि वह सुनिश्चित करे कि भविष्य में इस प्रकार की घटना किसी भी खिलाड़ी के साथ न हो। विनेश को खेलों में योगदान देने के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी तो सभी खापें, पूरा समाज राष्ट्रव्यापी आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि विनेश ने निराश होकर कुश्ती से संन्यास लेने का फैसला किया है। सर्वखापों ने उनसे अपील की है कि वह अपना निर्णय वापस लें। विनेश ने देश का नाम दुनिया में रोशन किया है। वह आगे भी अपना खेल जारी रखें। इसके लिए सभी खापें उनका हर तरीके से सहयोग करेंगी।

# पोलार्ड ने राशिद की गेंद पर लगाए लगातार पांच छक्के

● साउथैम्पटन,

**वेस्टइंडीज** के पूर्व ऑलराउंडर और वर्तमान में मुंबई इंडियंस के सहायक कोच कीरोन पोलार्ड ने द हंड्रेंड में सदर्न ब्रेव के लिए खेलते हुए ट्रेंट रॉकेट्स के गेंदबाज राशिद खान की गेंदों पर लगातार पांच छक्के लगाने का कारनामा किया हैं।

78 रन पर छह विकेट गवांने के बाद संकट में फंसी सदर्न ब्रेव के लिए बल्लेबाजी कर रहे पोलार्ड ने धीमी शुरुआत की और वह 14 गेंदों पर केवल छह रन ही बना पाए थे। तब ऐसा लगा रहा था कि मेजबान टीम मुकाबला हार जायेगी। लेकिन इसके बाद पोलार्ड ने राशिद की पांच गेंदों पर लगातार पांच छक्के लगाकर ब्रेव की उम्मीदों को फिर से जिंदा कर दिया। उन्होंने राशिद की गुगली और अंदर आती गेंदों पर दो छक्का डीप मिडविकेट में, दो छक्का लांग ऑफ में और एक छक्का एक्स्ट्रा कवर पर लगाया। पोलार्ड की इस धुआंधार बल्लेबाजी का राशिद की विश्व स्तरीय गेंदबाजी के पास कोई जवाब नहीं था। पोलार्ड इससे पहले मार्च 2021 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 में



अकीला धनंजय की गेंद पर लगातार छह छक्के लगाकर यह कारनामा कर चुके है। हालांकि पोलार्ड 23 गेंदों पर 45 रन बनाकर रन आउट हो गए, लेकिन क्रिस जॉर्डन ने एक गेंद शेष रहते चौका लगाकर अपनी टीम को दो विकेट से जीत दिला दी। इस जीत के चलते अंक तालिका में ब्रेव के अंक शीर्ष पर मौजूद ओवल इनविंसिबल्स के बराबर हो गए। मैच के बाद पोलार्ड ने कहा कि मैंने धीमी शुरुआत की थी लेकिन यह पिच वैसी नहीं थी।

# खिलाड़ियों ने श्री हरिमंदर साहिब में मत्था टेका



● अमृतसर,

**पेरिस** ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतकर देश लौटी भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी रविवार को सचखंड श्री हरिमंदर साहिब में माथा टेकने पहुंचे।

इस अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने हॉकी खिलाड़ियों को श्री दरबार साहिब के सूचना केंद्र में सचखंड श्री हरमंदिर साहिब का स्वर्ण मॉडल, धार्मिक पुस्तकें और सिरप देकर सम्मानित किया। एडवोकेट धामी ने कहा कि यह हमारे लिए सम्मान और गर्व की बात है कि जब भी भारतीय हॉकी टीम में पंजाब के खिलाड़ियों की पूरी भागीदारी हुई है, टीम ने शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतना भी उनमें से एक है। उन्होंने हॉकी खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और भविष्य में और बड़ी उपलब्धियों के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि टीम में शामिल पंजाब के खिलाड़ियों ने लंबे समय के बाद पंजाब की हॉकी से जुड़े इतिहास को दोहराया है। एडवोकेट धामी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें देश की हॉकी टीम में बड़ी संख्या में पंजाबी खिलाड़ियों से प्रेरणा लेनी चाहिए और खेलों में आगे आना चाहिए। एडवोकेट धामी ने कहा कि सिख संगठन शिरोमणि कमेटी हमेशा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करती रही है और भविष्य में भी पंजाब और सिखों का गौरव बढ़ाने वाले युवाओं को प्रोत्साहित किया जाता रहेगा। उन्होंने विशेष रूप से भारतीय हॉकी टीम के लिए खेलने वाले सिद्ध गुरु सिख खिलाड़ी जर्मनप्रीत सिंह का उल्लेख किया।

# दक्षिण अफ्रीका ने टेस्ट पर बनाई मजबूत पकड़

## केशव महाराज ने झटके चार विकेट, वेस्टइंडीज को पहली पारी में 233 रनों पर समेटा

● पोर्ट ऑफ स्पेन,

**केशव** महाराज (चार विकेट) और कगिसो रबाडा (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन अपनी पकड़ मजबूत कर ली।

दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 30 रन बना लिए है। दिन का खेल समाप्त होने के समय टोनी डीजॉर्जी 14 रन एवं एडन मारक्रम नौ रन पर नाबाद रहे। इस तरह दक्षिण अफ्रीका की 154 रनों की बढ़त हो गई है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज और कगिसो रबाडा ने बेहतरीन गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए वेस्टइंडीज को पहली पारी में 233 रन पर समेट दिया था। दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी के आधार पर 124 रनों की बढ़त मिली गई थी। वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रैथवेट और मिकाइल लुईस ने पारी की अच्छी शुरुआत की थी। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 53 रन जोड़े। लेकिन दक्षिण अफ्रीकी बेहतरीन गेंदबाजी के आगे वेस्टइंडीज का कोई भी बल्लेबाज पिच पर अधिक तक नहीं टिक सका। मिकाइल लुईस (35), क्रेग ब्रैथवेट (35), जेसन होल्डर (36), केवम हॉज (25) रन बनाकर आउट हुए। केसी कार्टी ने टीम के सर्वाधिक (42) रनों की पारी खेली। जोमेल वारिकन (35) रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका की ओर से केशव महाराज ने चार विकेट लिये। कगिसो रबाडा को तीन विकेट तीन विकेट मिले। लुंगी एंगिडी और एडन मारक्रम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान तेम्बा बवूता (86), टोनी डीजॉर्जी के (78) अर्द्धशतकों और काइल वेरेन के 39 रन एवं वियान मुल्डर के नाबाद 41 रनों की उपयोगी पारियों की बदौलत 357 रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर गेंदबाजी करते हुए जोमेल ने सबसे ज्यादा चार विकेट हासिल किए जबकि जेडेन सील्स ने तीन, केमार रोच ने दो तथा जेसन होल्डर ने एक विकेट लिया।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK